RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 365
हिसार | मंगलवार, 2 अप्रैल, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६

**WANTED**

Female multi-media expert for video editing. Knowledge of Hindi typing on the computer is a must. Salary negotiable. Experience hand would be preferred.

Contact
9812032700,9306262108
दैनिक पाठकपक्ष, हिसार।




## केजरीवाल अंदर, संजय सिंह अब बाहर, सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत, राजनीतिक गतिविधियों में ले सकेंगे हिस्सा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल :** ऐसे वक्त में जब अरविंद केजरीवाल ईडी की हिरासत में हैं। आम आदमी पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान एक बड़ी राहत मिल गई है। शराब नीति मामले में आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह को जमानत मिल गई है। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है कि उनमें ये पहली जमानत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 6 महीने से ज्यादा कस्टडी में रखा गया। पर्याप्त सबूत उनके खिलाफ नहीं है। ईडी ने कहा कि जमानत पर हमें कोई ऐतराज नहीं है। कोर्ट ने कहा कि जमानत की शर्तें निचली अदालत से तय होंगी। संजय सिंह की देर शाम या कल सुबह तक रिहाई संभव बताई जा रही है। आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह, जिन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले अक्टूबर में दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। हालांकि, अदालत ने कहा कि जमानत को मिसाल नहीं माना जा सकता, जबकि जांच एजेंसी ने कहा कि उसे सिंह को जमानत देने पर कोई आपत्ति नहीं है। कोर्ट ने कहा कि वो राजनीतिक व्यक्ति है और राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने पर कोई रोक नहीं रहेगी।

**कोर्ट में क्या-क्या हुआ**

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने स्पष्ट किया कि सिंह जमानत की अवधि के दौरान राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने के हकदार होंगे। पीठ ने यह भी कहा कि आदेश को नजीर नहीं माना जाएगा। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दोपहर 2 बजे ईडी की ओर से यह रियायत दी. पूर्वाह्न सत्र में सुनवाई के दौरान पीठ ने एसवी राजू से इस बारे में निर्देश प्राप्त करने को कहा था कि क्या सिंह को और हिरासत में रखने की जरूरत है। दोपहर 2 बजे जब पीठ दोबारा बैठी तो राजू ने कहा कि गुण-दोष पर जाए बिना, मैं जमानत मामले में अजीबोगरीब तथ्यों पर रियायत दूंगा। पीठ ने सिंह की ओर से वरिष्ठ वकील डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद ईडी का रुख पूछा और कहा कि अनुमोदक-दिनेश अरोड़ा द्वारा दोषमुक्ति संबंधी बयान दिए गए थे और कोई पैसा बरामद नहीं किया गया था। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि कुछ भी बरामद नहीं हुआ है, कोई निशान नहीं है।

## आकाश इंस्टिट्यूट द्वारा परोसे गए खाने में कीड़ा मिलने से पत्रकारों में हड़बड़ाहट

**पाठकपक्ष न्यूज**

***हिसार, 2 अप्रैल :*** *स्थानीय सेक्टर 13 में आकाश इंस्टिट्यूट द्वारा आयोजित प्रैस वार्ता में परोसे गए खाद्य पदार्थ में कीड़ा निकलने के बाद पत्रकारों में हड़बड़ाहट हो गई और सबसे खाना छोड़ दिया। ज्ञातव्य है कि यह कीड़ा सोशल मीडिया के एक पत्रकार के खाने में निकला। पत्रकारों ने प्रबंधको को इसकी सूचना दी। इसके बाद सभी पत्रकार वहां से लौट गए। जैसा कि आजकल खबरें आ रहीं हैं कि बाजार का खाना खाने से मौत तक हो जाती है। गनीमत है कि पत्रकार ने सावधानी बरती और वह बच गया। अगर खाने में जहरीला कीड़ा असावधानी से खाया जाता तो कुछ भी घटना घट सकती थी। इसलिए बाहरी खाने में सावधानी बरतनी चाहिए।*

## आप के आरोपों पर बीजेपी का पलटवार

### गौरव भाटिया बोले- ऑफर देने वाले का नाम बताएं आतिशी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल :** दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल भेजे जाने के एक दिन बाद मंगलवार को दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आतिशी का कहना है, बीजेपी ने मेरे एक करीबी सहयोगी के माध्यम से मेरे राजनीतिक करियर को बचाने के लिए उनकी पार्टी में शामिल होने का न्यौता दिया है। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि अगर मैं बीजेपी में शामिल नहीं हुई तो आने वाले एक महीने में मुझे ईडी द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं अब बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आतिशी द्वारा लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि आप नेता को ऑफर देने वाले के नाम का खुलासा करें।

**ऑफर देने वाले के नाम का खुलासा करें आतिशी**

बीजेपी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए गौरव भाटिया ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) पर जमकर निशाना साधा। आतिशी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि आतिशी को उस व्यक्ति का नाम भी बताना चाहिए, जिसने उन्हें ऑफर दिया है।

**मनीष और मंत्री सत्येंद्र का इस्तीफा ले लिया खुद नहीं दिया**

भाटिया ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि देश संविधान से चलता है। अरविंद केजरीवाल द्वारा जेल से ही सरकार चलाने का मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा। जेल जाने पर अपने उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्री सत्येंद्र जैन का इस्तीफा लेने वाले अरविंद केजरीवाल अब स्वयं जेल जाने के बाद इस्तीफा देने तक से इनकार कर रहे हैं। केजरीवाल भ्रष्टाचार के पर्याय बन चुके हैं, अदालत से भी उन्हें राहत नहीं मिल रही है।

**दिल्ली की जनता ईमानदार मुख्यमंत्री चाहती है**

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली की जनता एक अच्छा मुख्यमंत्री चाहती है। लेकिन, जेल में बैठे केजरीवाल की सोच यह है कि उनकी अपनी आम आदमी पार्टी में ऐसा कोई नेता नहीं है जो दिल्ली की जनता की सेवा कर सके।उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इंडी गठबंधन का जहाज डूबेगा और यह जमानत जब्त होने का कीर्तिमान बनाएगी।

## शाहपुर जांगड़ा समाज ने किया चेयरमैन नरेश लाडवा का स्वागत



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** हरियाणा सरकार द्वारा नरेश जांगड़ा जी को श्रम कल्याण बोर्ड का चेयरमैन बनाए पर शाहपुर जांगड़ा समाज द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी सदस्यों ने भाग लिया, और नरेश जांगड़ा का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। जांगड़ा धर्मशाला ट्रस्ट के कमेटी सदस्यो द्वारा सॉल, और मोमेंटो देकर नरेश जी को सम्मानित किया गया। नरेश के साथ हिसार के भाजपा पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष हर्ष बामल ने भी समारोह में शिरकत की उनको भी सम्मानित किया गया। युवा साथियों ने लाडवा और बामल को विश्वकर्मा भगवान की फोटो देकर सम्मानित किया। नरेश को चेयरमैन नियुक्त करने पर शाहपुर समाज ने भाजपा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। इस मौके पर कमेटी के उपप्रधान रोहतास जांगड़ा, चैयरमैन धनराज, सचिव भीम, बलजीत, कृष्ण फौजी, सत्यवीर, सतबीर, जगदीश, कृष्ण मास्टर, पूर्ण, जसबीर, मनोज, सुनील, संजीत, रमन, सचिन जांगड़ा, अमरदीप मौजूद रहे।




## सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार से मिल जताया आभार : हरीश धमीजा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 2 अप्रैल :** सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रदेश सचिव हरीश धमीजा ने आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि हम सब्जी मंडियों के आढ़ती मार्केट बोर्ड के कर्मचारियों द्वारा पीड़ित थे। इसलिए हमारी लंबे समय से डिमांड थी मंडियों को कर्मचारी मुक्त किया जाए तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा फल एवं सब्जियों पर टैक्स जो कि 1 प्रतशित था उसको समाप्त करते हुए मार्केट फीस को रोजाना की बजाए वार्षिक यानी एक मुश्त करने की मनोहर सौगात दी थी। उस उल्लेखनीय और ऐतिहासिक निर्णय करने के लिए कल चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश की लगभग सभी मंडियों से आए स्थानीय प्रतिनिधि और प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश प्रधान राज कक्कड़ के नेतृत्व में हरियाणा की लोकप्रिय भाजपा सरकार के वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी और निवर्तमान मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार प्रकट किया और उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर मनोहर लाल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सभी भाई अब निडर और आजाद हो कर काम करें कोई अधिकारी आपको तंग नही करेगा।

इस सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आढ़तियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से किसानों और व्यापारी वर्ग की हितैषी रही है। वह किसानों और आढ़तियों को सुख सुविधा प्रदान करने के लिए वचन बद्ध है और आढ़ती वर्ग खुलकर निश्चितता से कार्य करे ऐसी व्यवस्था मनोहर सरकार ने करने के लिए ही ऐसा निर्णय लिया था और हम इस व्यवस्था को और भी अच्छा करने का प्रयास करेंगे ताकि सभी आढ़ती आजादी से कार्य कर सकें। धमीजा ने आगे बताया कि इस धन्यवाद समारोह के आयोजन में प्रमुख भूमिका में मुख्यमंत्री के पीए भारत भूषण भारती और बाल किशन चेयरमैन व हांसी के भाजपा नेता राजेश ठकराल थे सीवन से भाजपा नेता सतीश मुंजाल का भी बहुत सहयोग रहा। धमीजा ने आगे बताया कि इस कार्यक्रम में आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान राज कक्कड़ ने वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी और निवर्तमान मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पगड़ी पहनाकर और बुका भेंट कर के सम्मानित किया।

फिर वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी को उपप्रधान ब्रिज मोहन और सचिव हरीश धमीजा ने तिलक लगाकर बुके भेंट किए और हांसी के पेड़ो से राजेश ठकराल ने मुंह मीठा करवाया,सतीश मुंजाल और राजेंद्र नारंग ने शाल भेंट की फिर वहां पहुंचे हुए प्रतिनिधि मंडल के सदस्य लवली सपड़ा, राजेंद्र ठकराल,कृष्ण सचदेवा,अमरनाथ बिरला, विकास बठला,काला आहूजा, सुरेश जुनेजा, सीताराम सैनी, रणबीर पहलवान, राजेंद्र नारंग, रमेश भूटानी, हरीश चराया, मोहित गुंबर, दीपक महता, वीरेंद्र सतीजा व अन्य सभी आढ़तियों ने मुख्यमंत्री को बुके भेंट कर धन्यवाद किया।

## अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय श्याम कथा 4 अप्रैल से



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** समस्त श्रीश्याम मंडल परिवार एवं महाराजा अग्रसेन भवन ट्रस्ट के तत्वावधान में अग्रसेन भवन में 4 से 6 अप्रैल तक श्याम कथा का आयोजन किया जाएगा। महाराजा अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाली श्याम कथा में पहले दिन महात्मय एवं महीसागर संगम तीर्थ का महत्व बताया जाएगा। दूसरे दिन 5 अप्रैल को श्याम बाबा का जन्मोत्सव तथा अंतिम दिन 6 अप्रैल को श्याम बाबा की तपस्या एवं तीन बाणधारी बनना, अन्य लीलाएं एवं शीश का दान आदि के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। कथा आयोजन में नगर के लगभग 50 श्याम मंडल व अन्य समाजसेवी संस्थाएं श्याम कथा आयोजन में पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने बताया कि हिसार नगर के इतिहास में पहली बार श्याम कथा का आयोजन विशाल स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज तक शहर में श्याम बाबा के सैंकड़ों कीर्तन हुए हैं किंतु अधिकांश लोगों को शीश के दानी श्याम बाबा के इतिहास के बारे में पूर्ण जानकारी नहीं है। नगर के श्याम मंडलों ने फैसला लिया कि श्याम कथा का आयोजन करवाया जाए। कथा को लेकर श्याम मंडलों से जुड़े सेवादारों की अग्रसेन भवन में हुई बैठक में आपस में ड्यूटियां बांटी गईं। बैठक में ट्रस्ट के उप प्रधान प्यारेलाल लाहौरिया, सर्व श्याम मंडल के प्रधान दीपक गर्ग, श्याम प्रेमी एन. के. गोयल के अलावा सुरेंद्र बागड़ी, देवेंद्र गर्ग, अभिमन्यु बंसल, बजरंग गंगवा, गजानंद गर्ग, अनिल तनेजा, आशुतोष परुथी, लीना सिंगला, नेहा मेहता आदि उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय..........

## मनरेगा के तहत काम की मांग बढ़ी...

*वित्त वर्ष 2023-24 के आखिरी दिन आई यह खबर कई लिहाज से परेशान करने वाली है कि मनरेगा के तहत साल भर में मुहैया कराए गए कार्य दिवसों की कुल संख्या 305.2 करोड़ तक पहुंच गई, जो महामारी से पहले (2019-20) के लेवल से 40 करोड़ ज्यादा है। इससे संकेत मिलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में दिक्कत ज्यादा है, जिससे वहां मनरेगा के तहत काम की मांग बढ़ी है। लोगों को वहां अच्छे रोजगार नहीं मिल रहे। मनरेगा ऐसी योजना है, जो देश के ग्रामीण इलाकों में अकुशल श्रमिकों के लिए आजीविका की आखिरी उम्मीद मानी जाती है। साल 2019-20 के दौरान इस योजना में लोगों की भागीदारी बारिश, मॉनसून, सूखा जैसे सामान्य मौसमी कारकों से प्रभावित हुई थी। उस साल इस योजना के तहत 265.3 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए थे। उसके बाद महामारी और लॉकडाउन के दौरान देश में शहरों से गांवों की ओर असाधारण पलायन हुआ जिसका प्रभाव मनरेगा समेत जीवन के तकरीबन हर क्षेत्र में देखा गया। मनरेगा में उस साल (2020-21) 389.9 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए, जो अब तक का रेकॉर्ड है। लेकिन महामारी की लहरें शांत होने के बाद जैसे-जैसे इकॉनमी उस झटके से उबरती गई, यह उम्मीद बढ़ी कि ग्रामीण क्षेत्रों के अनस्किल्ड लेबर को विभिन्न क्षेत्रों में आजीविका मिलती जाएगी और मनरेगा पर दबाव कम होगा। लेकिन अगर अभी भी वहां यह दबाव बना हुआ है जिसका अर्थ है कि या तो लोगों को शहरों में गुणवत्ता वाले काम मिलने की उम्मीद नहीं है या वे गांव छोड़कर शहर जाना नहीं चाहते। 2022-23 में भी इस योजना के तहत 293.7 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए, जो 2019-20 के मुकाबले 28.4 करोड़ ज्यादा थे। यही नहीं, इस साल यानी 2023-24 में यह अंतर बढ़कर 40 करोड़ तक पहुंच गया। ध्यान रहे इस संख्या में संशोधन अपेक्षित है। इस महीने के आखिर तक अंतिम संख्या आएगी और माना जाता है कि वह इससे और ज्यादा होगी। यह स्थिति खास तौर पर ध्यान देने लायक इस लिहाज से भी है कि इस दौरान इकॉनमी में ग्रोथ की रफ्तार अच्छी रही है। भारत आज भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। लेकिन यह वृद्धि अनस्किल्ड लेबर के सबसे कमजोर हिस्सों के लिए कोई राहत लेकर नहीं आई। अन्य क्षेत्रों से कोई बेहतर विकल्प उपलब्ध न होने की वजह से ही ग्रामीण क्षेत्रों की श्रम शक्ति इसी योजना में खपाई जा रही है। आम चुनावों के दौरान शुरू होने वाली गतिविधियों में जरूर इस श्रम शक्ति के एक हिस्से को कुछ रोजगार मिल सकता है, लेकिन उसकी गुणवत्ता अच्छी नहीं होगी। इन क्षेत्रों में कुछ पैसा पहुंचने की भी उम्मीद की जा सकती है। लेकिन इसका स्वरूप अस्थायी होगा। ऐसे में तात्कालिक राहत मिल भी जाए तो उसे समस्या का हल नहीं माना जा सकता। जाहिर है, चुनावों के बाद नई सरकार को इस मोर्चे पर ठोस और टिकाऊ नतीजे देने वाले सुविचारित कदम उठाने होंगे।*

# आप होते हैं वर्तमान में और मन भविष्य में चला जाता है

**अध्यात्म**

भविष्य का तनाव ही पीड़ा है। और भविष्य की चिंता छोड़ने का एक ही उपाय है। अगर आप इस बात को मानने को राजी हो जाएं कि भविष्य अपरिहार्य है, नियत है, जो होना है होगा। जो होना है होगा, अगर इसके लिए राजी हो जाएं, तो फिर आपको करने को कुछ नहीं बचता। तो बेचैन होने का कोई कारण नहीं है। करने को कुछ है, तो फिर बेचैनी है। करने के पहले भी बेचैनी रहेगी और करने के बाद भी बेचैनी रहेगी। क्योंकि करने के बाद भी लगेगा कि अगर जरा ऐसा कर लिया होता, तो परिणाम दूसरा हो सकता था। मैंने ऐसा कर लिया होता, तो ऐसा हो सकता था। तो आप पीछे भी परेशान रहेंगे कि अगर ऐसा न करके जरा-सा फर्क किया होता, तो आज जिंदगी दूसरी होती। भविष्य के लिए भी परेशान रहेंगे कि मैं क्या करूं/ आदमी कुछ ऐसा है कि वह सफल कभी होता ही नहीं। उसके मन का ढांचा ऐसा है कि वह सदा अंत में असफल ही होता है। जितने आप सफल हो जाते हैं, वह तो व्यर्थ हो जाती है बात और नए लक्ष्य निर्मित हो जाते हैं। एक आदमी को दस हजार रुपए कमाने हैं, वह कमा लेता है। दस हजार रुपए कमा लेना मुश्किल मामला नहीं है। कमा लेता है, सफल हो गया। लेकिन उसे पता ही नहीं कि सफलता की खुशी वह कभी नहीं मना पाता। क्योंकि जब तक दस हजार इकट्ठे कर पाता है, तब तक उसकी आकांक्षा लाख की हो जाती है। उसे लाख कमाने हैं। ऐसा भी नहीं है कि लाख न कमा ले। वह भी हो जाएगा। लेकिन जिस मन ने दस हजार से लाख पर यात्रा पहुंचा दी थी, वही मन लाख से दस लाख पर यात्रा पहुंचा देगा। हर आदमी असफल मरता है। कोई आदमी सफल नहीं मर सकता। क्योंकि जो भी आप पा लेते हैं, आपकी वासना उससे आगे चली जाती है। मरते वक्त भी आपकी वासना अधूरी ही रहेगी। आप जितना पा लेंगे, उससे ज्यादा का लक्ष्य बना लेंगे। आखिरकार असंतुष्ट ही रहेंगे। एंड्रू कार्नेगी, अमेरिका का सबसे बड़ा धनपति मरा, तो अपने पीछे दस अरब रुपए छोड़ गया। लेकिन मरने के दो दिन पहले का उसका वक्तव्य है कि मैं एक असफल आदमी हूं, क्योंकि मेरे इरादे सौ अरब रुपए छोड़ने के थे, केवल दस अरब छोड़ जा रहा हूं। आप कितना पा लेंगे, इससे कोई संबंध नहीं है। आपका मन उससे ज्यादा की मांग करेगा। मन सदा आपसे आगे चला जाता है। आप होते हैं वर्तमान में, मन भविष्य में चला जाता है। मैं कुछ कर ही नहीं सकता हूं, तो भविष्य में यात्रा करने का कोई उपाय नहीं है। दस रुपए मिलें, कि दस लाख, कि कुछ भी न मिले, मैं भिखारी रह जाऊं, जो भी होगा, वह होगा। उसमें मेरा कोई हाथ नहीं है। ऐसा आदमी कभी असफल नहीं होता।

# अन्तरराष्ट्रीय फैक्टचैकिंग दिवस : क्यों हो 'सूचना सत्यता, स्वच्छता और स्वस्थता'

**-पाठकपक्ष डेस्क-**




सूचना तकनीकी युग में जंहा आरटीफिशयल इंटैलिजैंस का आधिपत्य सूचना की सत्यता के लिए एक चुनौती बनता जा रहा है, ऐसे में मीडिया साक्षरता जागरूकता के लिए विभिन्न संस्थान, समूह और व्यक्तिगत स्तर पर विश्व भर में विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं जिनका देश व समाज के अधिकतर क्षेत्र और वर्ग द्वारा सहयोग और पालन भी किया जा रहा है। इसमें विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों का विशेष सहयोग इस अभियान को गति दे रहा है।

आज तीव्र गति से बढते ए.आई. युग में भ्रामक समाचारों और सूचनाओं के कारक भी हाई टैक हो गए हैं जिसका शिकार कोई भी, कहीं भी हो सकता है। झूठी और भ्रामक सूचनाएं मानसिक, शारीरिक और वैचारिक स्तर तक हमारे कार्यों को प्रभावित करती हैं और आपसी मतभेदों को भी बढाती हैं। इससे समय, धन और ध्यान का हनन और नकारात्मक सोच का पोषण हो रहा है। विश्वसनीय मजबूत लोकतंत्र, स्वस्थ सोच और विकासशील समाज में सूचना संचार का सत्य और विश्वसनीय होना महत्वपूर्ण कारक है। डिजिटल प्लेटफार्म पर भ्रमित करने वाली झूठी सूचनाओं के खंडन के लिए मीडिया शिक्षकों, शिक्षाविदों और पत्रकारों, शोधकर्ताओं द्वारा गूगल न्यूज इनिशियेटिव और फैक्टशाला डेटालीड्स के सहयोग से जागरूकता अभियान और फैक्टचैकिंग टूल्स को जानने और सीखने के प्रशिक्षण दिए गए हैं। गूगल न्यूज इनिशियेटिव और डेटालीड्स द्वारा विश्वभर में, भारत में मीडिया साक्षरता के लिए विभिन्न स्तर पर पेनल डिस्ट्रिक्टशन, हैल्थ कम्यूनिकेशन, एनवायरमैंट मिसइनफर्मेशन, मैडिकल मिसइन्फरमेशन, सूचना सत्यता और डेटा वेरिफिकेशन जागरूकता वर्कशाप हर वर्ग के लिए संचालित की जा रही हैं। उन्हीं में से सीखने वाले स्वेच्छाकर्मियों कमयूनिटी चैम्पियन्स ने अपने अपने स्तर पर अन्य लोगों को जागरूक किया है और इस अभियान को जन जागृति स्तर तक पहुंचाया है। जागृति स्तर में इसमें वृद्ध वर्ग और बाल वर्ग भी शामिल हैं।

अंतराष्ट्रीय फैक्टचैकिंग दिवस पर विश्वभर में फैक्टचैकिंग सीखने और प्रयोग के महत्व को जानने, समझने और समझाने के प्रत्येक यत्न का सम्मान दिवस है। यह विवेचनात्मक, स्वतन्त्र और अपक्षपातपूर्ण सोच द्वारा सही निर्णय लेने की आदत को अपनी जीवनशैली बनाने का प्रयास करने और इन प्रयासों को गतिशील रखने की सीख है। हमारा प्रयास 'एक से एक और अनेक' तक सूचना साक्षरता को पहुचाने का हो।

**-डॉ प्रज्ञा कौशिक**
**फैक्टशाला ट्रेनर मीडिया ऐजूकेटर**

# आर्मी पब्लिक स्कूल में हवन यज्ञ और भजन-प्रभात के साथ नएसत्र का शुभारंभ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार में नएसत्र का प्रारंभ हवन - यज्ञ एवं भजन- प्रभात के साथ किया गया। इसमें विद्यालय के सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियोंने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में आहुतियाँ डालकर सर्व मंगल की कामना की। गणेश वंदना के साथ माँ सरस्वती का पूजन किया गया और भजन प्रभात में भजनों को सुनकर सभी मंत्रमुग्ध हों उठे। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर कविता जाखड़ ने सभी को पिछले सत्र के सफलतापूर्ण संपन्नता के साथ-साथ आगामी सत्र के लिए भी बधाई दी और विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग के साथ शिक्षा ग्रहण करें तथा माता पिता एवं गुरुजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरें। अंत में सभी के लिए लंगर प्रसाद की व्यवस्था की गई।

# हिसार का नाम नहीं, सोच बदलो : डॉ. अनंतराम

**पाठकपक्ष न्यूज**




**हिसार, 2 अप्रैल :** हिसार का नाम बदलने की चर्चा को लेकर डॉ. अनंत राम बरवाला ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैं आध्यात्मिक प्रवृति का इंसान हूं ।हिसार का नाम बदलने को लेकर कई दिनों से चर्चाएं चल रहीं हैं। शायद बदला भी जाए। इससे कोई फर्क नहीं पडने़ वाला। हर इंसान की अपनी-अपनी विचारधारा होती है कोई धर्म को लेकर सोचता है, कोई भाषा, कोई संप्रदाय तो कोई अपनी पार्टी को लेकर सोचता है। हिसार में अगर कोई नशेड़ी है तो क्या वह हिसार का नाम बदलने पर नशा छोड़ देगा या अपराधिक प्रवृति के इंसान अपराध छोड़ देगा। इसलिए नाम बदलने से कुछ नहीं होता। हिसार का नाम बदलने से समय खराब होगा। पैसे की वेस्टेज होगी। इसलिए नाम बदलना कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि आज अगर कोई पार्टी अपने पसंद का नाम रखना चाहती है और उसने रख भी दिया तो कल कोई और पार्टी आ जाएगी वो फिर से हिसार का नाम बदल देगी। इसलिए इस तरह की बातें भ्रमित करने वाली हैं। अगर कुछ बदलना ही चाहते हैं तो अपनी मानसिक प्रवृति को बदलो।

# श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व एस. डी. मॉडर्न पब्लिक स्कूल के सत्र का हवन के साथ हुआ शुभारंभ

**पाठकपक्ष न्यूज**



**हांसी, 2 अप्रैल :** श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व एस. डी. मॉडर्न पब्लिक स्कूल भगत सिंह रोड, हांसी के श्री गणेशानंद सभागार में स्कूल के नए सत्र 2024-25 का प्रारंभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। इस हवन यज्ञ में विद्यालय प्रबंधक श्री सज्जन कुमार अग्रवाल, श्री नकुल कुमार अग्रवाल, श्री रजत कुमार अग्रवाल, श्री ईश्वर गोयल, श्री प्रकाश चंद बंसल, श्री सतपाल खांडेवाल, प्राचार्या श्रीमती रेनू बंसल, प्राचार्य श्री सुरेंद्र कुमार अरोड़ा के साथ समस्त विद्यालय स्टाफ व बच्चों ने आहुति डाली। आचार्य गौरीशंकर ने पूरे वैदिक मंत्रों के साथ हवन यज्ञ संपन्न करवाया। विद्यालय प्रबंधक श्री सज्जन कुमार ने बताया कि हिंदू संस्कृति के अनुसार कोई भी शुभ कार्य करने से पहले हवन यज्ञ का आयोजन किया जाता है। इससे वातावरण में शुद्धि आती है व सभी के मन में स्वच्छ भावना संचारित होती है।

# भारत विकास परिषद, वीर शाखा के चुनाव, डॉ. तिलक राज आहुजा अध्यक्ष चुने गए

***डॉ. रमेश आर्य को सचिव और चंद्रभान वर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया, आर्य बोले- पद मिलने पर व्यक्ति का समाज के प्रति दायित्व और अधिक बढ़ जाता है***

**पाठकपक्ष न्यूज**



**हिसार, 2 अप्रैल :** भारत विकास परिषद, वीर शाखा, हिसार की सामान्य बैठक का आयोजन गोविंद पैलेस में किया गया जिसमें 2024-25 के लिए नए दायित्वधारियों का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में पर्यवेक्षक की भूमिका श्री साधुराम जाखड़, प्रांत संयोजक, भारत को जानो प्रतियोगिता, हरियाणा पश्चिम तथा श्री रामनिवास वर्मा, जिला समव्यक, हिसार ने निभाई। मीडिया प्रभारी डॉ राजपाल ने बताया कि भारत विकास परिषद, वीर शाखा के अध्यक्ष पद पर डॉ. तिलक राज आहूजा, सचिव पद पर डॉ. रमेश आर्य, प्राचार्य राजकीय महिला महविद्यालय, हिसार तथा कोषाध्यक्ष के पद पर श्री चंद्रभान वर्मा को चुना गया। पूनम सीधर को शाखा की महिला संयोजिका मनोनित किया गया। सचिव डॉ. रमेश आर्य ने वर्ष 2023-24 की गतिविधियों को वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और कोषाध्यक्ष चंद्रभान वर्मा ने पूरे वर्ष का लेखा जोखा सदस्यों के समक्ष रखा। अध्यक्ष चुने जाने पर डॉ. तिलक राज आहूजा ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया तथा अपनी टीम को पुनः सेवा के कार्यों में दिन रात जुट जाने का संदेश दिया। भारत विकास परिषद, वीर शाखा का सर्वसम्मति से दोबारा सचिव चुने जाने पर डॉ. रमेश आर्य ने कहा कि यह मेरे लिए एक महत्वपूर्ण और सम्माननीय क्षण है। डॉ. आर्य ने बताया कि हमें एक समृद्ध और विकसित भारत का सपना देखना है, जहां हर नागरिक को अच्छी जीवनशैली का अधिकार हो। आर्य ने आगे कहा कि पद मिलने पर व्यक्ति का समाज के प्रति दायित्व और अधिक बढ़ जाता है जिसे निभाने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा रहती है। इस अवसर पर डॉ. महिपाल यादव, क्षेत्रीय सेवा सचिव ने सभी सदस्यों को अनुशासन में रहकर देश सेवा के लिए कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ. सुमन यादव ने किया। इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा, एम एल यादव प्रांतीय संयोजक योग शिविर, डॉ. सतीश वर्मा प्रांतीय संयोजक, जयंती एवं बलिदान दिवस, डॉ. पीएस रोहिल्ला, डॉ. कृष्ण कुमार, वी. डी. भूटानी, धर्मपाल गर्ग, रवि भूषण मोंगा, डॉ आर सी चुग, राहुल महेंद्रा, योगेश्वर यादव, विकास खर्ब सहित कई सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे।

# सुण मौल्लड़ की



बुढ़ापा पैंशन में 162 करोड़ का घोटाला पकड़ा गया।

**सख्त सजा बिना कोनी रूके भ्रष्टाचार।**

# कैसा रहेगा आपका कल



**मेष :** सामाजिक कार्यों में रूचि बढ़ेगी। कैरियर में बेहतर सफलता मिलेगी। अधिकारी आपकी कार्यशैली से प्रभावित होंगे।

**वृषभ :** महत्वपूर्ण निर्णय लाभकारी साबित होंगे। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। लोग आपके कार्यों की सराहना करेंगे।

**मिथुन :** किसी अंजान व्यक्ति पर भरोसा न करें। मन में किसी बात को लेकर भय बना रहेगा। विपरीत माहौल में खुद को ढालना मुश्किल होगा। काली माता की पूजा करें।

**कर्क :** प्यार के मामले में सफलता मिलेगी। सांझेदारी के कार्यों से लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**सिंह :** नए संपर्कों से सर्तक रहें। फिजूल के कार्यों में समय व धन खराब होगा। बेवजह बहस करने से बचें। सूर्य को जल दें।

**कन्या :** मन में उत्साह बना रहेगा। भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण योजना बनाएंगे। सकारात्मक सोच लाभकारी रहेगी।

**तुला :** लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न होंगे। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**वृश्चिक :** कार्यों में आ रही अड़चने समाप्त होंगी। लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यक्तित्व आकर्षक बना रहेगा।

**धनु :** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आय के स्त्रोत बढ़ेंगे। कला के क्षेत्र में रूचि बढ़ेगी।

**मकर :** नए कार्यों के अवसर प्राप्त होंगे। परिवार के साथ खुशी भरे पल व्यतीत करेंगे। मन में संतोष की भावना का अनुभव होगा।

**कुंभ :** खर्च की अधिकता से परेशानी बढ़ेगी। क्रय-विक्रय के कार्य से जुड़े लोग सावधानी रखें। नुकसान होने की संभावना। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**मीन :** दिन शुभ रहेगा। पूंजी निवेश से लाभ होगा। बड़े भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

# कर्म का मर्म

## भारत की बगिया

सुभाष के घर से लगे हुए दो बड़े बगीचे थे। इनमें एक किचन गार्डन था और दूसरा फ्लावर गार्डन। किचन गार्डन में सब्जियां उगाई जाती थीं और फ्लावर गार्डन में रंग-बिरंगे मौसमी फूल। एक दिन माली काका बाग में गुलाब के पौधों को पानी दे रहे थे। नन्हे सुभाष वहां पहुंच गए और बोले, 'माली काका, मुझे गुलाब बहुत पसंद है। लाइए, मैं इनको पानी दूं।' माली काका ने सुभाष के हाथ में पानी का जग थमा दिया। वह पौधों में पानी डालने लगे। तभी सुभाष के हाथ में एक कांटा चुभ गया और उनके मुंह से चीख निकल गई। वह बोले,'माली काका, गुलाब तो बहुत सुंदर हैं पर इनमें कांटे क्यों हैं/ क्या आप ऐसी कोई खाद जानते हैं जो बिना कांटों के गुलाब उगा सके/' सुभाष का प्रश्न सुनकर माली काका बोले,'बेटा, जब जिंदगी में फूल के साथ कांटे होते हैं तो फिर पौधे में फूलों के साथ कांटे क्यों नहीं होंगे! जीवन में कोई चीज सरलता से नहीं मिलती। अब यही देखो, आज हमारा देश गुलाम है। हम आजाद होना चाहते हैं। तो हमें गुलाम बनाए रखने वाले अंग्रेज हमारे देश के कांटे हुए ना। अब अगर हम उन कांटों को निकालने की जुगत करेंगे तो हमें अपना खून बहाना पड़ेगा। ऐसे ही जैसे गुलाब को निकालने के लिए कांटों को निकालना पड़ता है।'



माली काका की बात सुभाष के हृदय में उतर गई। वह बोले,'माली काका, मैं इन कांटों को अपने देश से निकाल फेंकूंगा, चाहे इसके लिए मुझे कितना भी रक्त बहाना पड़े।' सुभाष की बात पर माली काका आशीर्वाद देते हुए बोले,'बेटा, तुम्हारी सोच बहुत अच्छी है।' युवा होने पर सुभाष चंद्र बोस ने लोगों से कहा-'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।' उनके इस नारे पर खून देने वालों की लंबी कतार लग गई और कांटे रूपी अंग्रेज भारत की बगिया से निकाले गए।

# श्री सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा नेत्र जांच शिविर पटेल नगर सामुदायिक केंद्र में 7 को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** श्री सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा पटेल नगर मार्किट में स्थित सामुदायिक केंद्र में 07 अप्रैल को नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा। श्री सनातन धर्म सेवा समिति की बैठक पटेल नगर में स्थित श्री राम मंदिर में हुई बैठक में लिए निर्णय को विस्तार से बताते हुए समिति के मुख्य सेवादार सुदर्शन मुखीजा ने बताया की आमजन के लिए यह जांच शिविर 31 मार्च को लगाया जाना था।चिकित्सकों की व्यस्तता को देखते हुए यह जांच शिविर 07 अप्रैल रविवार को पटेल नगर सामुदायिक केंद्र में नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा। शिविर में नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक अपनी अपनी सेवाएं देंगे। चिकित्सकों के परामर्श से जरूरतमन्दों को चश्में व दवाइयां निशुल्क दी जाएगी।



# पीर बाबा फुटबाल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने फुटबाल खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

## बुराइयों से दूर रहने में खेल निभा रहे विशेष भूमिका : लाल बहादुर खोवाल




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** पीर बाबा फुटबाल क्लब द्वारा चौधरी दलबीर सिंह स्टेडियम प्रभुवाला में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रभुवाला ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित किए गए तीन दिवसीय पीर बाबा फुटबाल टूर्नामेंट में उचाना की विजेता टीम को ट्रॉफी व 51 हजार रुपये एवं द्वितीय स्थान पर रहने वाली प्रभुवाला की टीम को ट्रॉफी व 31 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। डे-नाइट आयोजित किए गए इस फुटबाल टूर्नामेंट के दौलतपुर व उचाना सेमीफाइनल मैच में हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल के महत्व को समझकर हर बच्चे व युवा को खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों से न केवल इंसान स्वस्थ रहता है बल्कि अन्य बुराइयों से भी दूर रहता है। उन्होंने कहा कि बहुत से गांवों में युवा नशे की चपेट में आते जा रहे हैं। इसलिए फुटबाल प्रतियोगिता आयोजन समिति से आग्रह है कि गांव में नशे के खिलाफ भी अभियान चलाएं ताकि कोई भी युवा इस बुराई का शिकार न हो। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस स्पर्धा में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी आने वाले समय में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में हिस्सा लेकर देश का नाम रोशन करेंगे। एडवोकेट खोवाल ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए ग्यारह हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देते हुए कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा भी गांव प्रभुवाला के विकास व भलाई के लिए प्रयासरत रहती हैं। उनकी सोच है कि गांव में कोई बुराई न रहे और हर युवा को रोजगार मिले और वे तरक्की करके आगे बढ़ें। खोवाल ने कहा कि गांवों में फुटबाल के साथ-साथ कबड्डी, खो-खो या क्रिकेट सहित अन्य खेलों की स्पर्धाएं भी समय-समय पर आयोजित की जानी चाहिए। इससे अलग-अलग खेलों में रुचि रखने वाले बच्चे व युवा निरंतर खेल से जुड़े रहेंगे। इस दौरान टूर्नामेंट आयोजक समिति ने एडवोकेट खोवाल को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया। इस स्पर्धा के फाइनल मैच में निवर्तमान मेयर गौतम सरदान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान वीरेंद्र सेलवाल, अनिल सरपंच, राजेंद्र नारंग, प्रेम एकलव्य, पम्मी सरदार पूर्व सरपंच, ज्ञानचंद शर्मा पूर्व सरपंच, विनोद मित्तल, दरबारा सिंह नंबरदार, सतबीर बासनीवाल, पीएफसी के प्रधान सन्नी सरदार, उपप्रधान अंकुश, सचिव चनबीर सरदार, राजेंद्र, संदीप, राजबीर, विशाल बेदी, ओमप्रकाश पटवारी, सुभाष जांगड़ा, प्रविंदर भाटिया, जयंत भाटिया ,रोहतास, राधेश्याम, रोहित, सोमवीर, रवि, मनोज, संदीप, रमन, कुलदीप, मनोज व रामबिलास सहित कई पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

### पीर बाबा फुटबाल टूर्नामेंट में उचाना रहा विजयी, प्रभुवाला रहा द्वितीय

# घर-घर जाकर पार्टी का प्रचार करें कार्यकर्ता : अजय सिंह चौटाला

## डॉ अजय सिंह चौटाला ने किया उकलाना हलके के चार गांवों का दौरा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला सोमवार को एक दिवसीय दौर पर उकलाना हलके में पहुंचे। अपने एक दिवसीय दौरे में डॉ अजय सिंह चौटाला गांव बिठमड़ा, सुरेवाला, भेरी अकबरपुर व चमारखेड़ा में पहुंचे तथा लगभग 50 कार्यक्रमों में शामिल हुए। ग्रामीणों द्वारा डॉ अजय सिंह चौटाला का गांव में पहुंचने पर फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया तथा पगड़ी पहनकर व शॉल भेंट करके तथा स्मृति चिन्ह देकर कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जेजेपी कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचे और पार्टी का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं और एक-एक मतदाता से संपर्क करके पार्टी संगठन को ओर ज्यादा मजबूत बनाएं तथा पार्टी जिसे भी अपना प्रत्याशी बनाकर भेजे उसे विजय बनाने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि 50 दिनों में लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं और ऐसे में कार्यकर्ताओं को दिन-रात एक करके पार्टी संगठन को और ज्यादा मजबूत बनाना है तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को जेजेपी परिवार के साथ जोड़ना है। उन्होंने कहा कि जननायक जनता पार्टी ताऊ देवीलाल के दिखाए रास्ते व नीतियों पर चलने वाली पार्टी है और उनके दिखाएं रास्ते पर चलकर जनसेवा में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि जेजेपी द्वारा विधानसभा चुनाव से पूर्व जनता से जो वायदे किए थे उनमें से ज्यादातर वायदों को जेजेपी द्वारा पूरा करवाया गया है। जेजेपी द्वारा प्रदेश की 10 लोकसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान शुरू किया गया था और उसी कड़ी में आज उकलाना हलके के चार गांवों में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि जेजेपी पूरी तैयारी के साथ लोकसभा चुनावों में उतरेगी। प्रदेश के पूर्व श्रम मंत्री अनूप धानक ने कहा कि जेजेपी का कार्यकर्ता बहुत मजबूत कार्यकर्ता है और दिन-रात कड़ी मेहनत करके पार्टी संगठन को मजबूत बनाने में लगा हुआ है। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं और वही घर-घर जाकर पार्टी का प्रचार प्रसार करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से गांवों में दौरे के दौरान जेजेपी को जनता का प्यार, आशीर्वाद, स्नेह मिल रहा है उससे पार्टी संगठन को और ज्यादा मजबूती मिलेगी। इस मौके जेजेपी के राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेन्द्र लितानी, प्रदेश उपाध्यक्ष कै. छाजूराम, हलकाध्यक्ष अनिल बालकिया, युवा हलकाध्यक्ष नरेश पूनिया, राधिका गोदारा, डॉ सोनिया बत्तरा, सपना पूनिया, बबलु गोदारा, संदीप कुंडू, धूपसिंह थाकन, होशियार सिंह, बानी सरपंच, धर्मपाल सरपंच, हरिकेश, सियाराम, जगदीप कुंडू, विक्रम, राहुल, अमी सिंह, नन्हू पातड़, सुभाष सुरेवाला, जसबीर, रणसिंह राड़, रोहताश कंडूल, सतीश पूनिया, भूरिया, होशियारा सरपंच, सुभाष भेरी, जगदीश, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# एचएयू में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 3 अप्रैल से शुरू

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 3 से 5 अप्रैल तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम उत्पादन में मशीनीकरण, मशरूम का स्पान/बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण निःशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 3 अप्रैल को ही सुबह 9 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है। प्रशिक्षण में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आनी होगी।

# रोटरी सैन्ट्रल कल्ब हिसार ने कैप्टन आर. सी. सै. स्कूल में लगाया विशाल फ्री मैडिकल चैकअप कैंप



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** रोटरी सैन्ट्रल हिसार 31 मार्च रविवार को कैप्टन आर सी सीनियर सैकेन्डरी स्कूल मिल गेट हिसार में एक विशाल फ्री मैडिकल चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में लगभग 450 से अधिक मरीजों की जांच करके मुफ्त दवाइयां दी गई। कैंप में सभी प्रकार के मेडिकल जांच एवं टैस्ट भी किए गए। स्कूल प्रशासन की ओर से कैंप में पूरा सहयोग रहा। मार्टिन एन्ड ब्राउन एवं नैक्टर फार्मा कंपनी द्वारा सभी मरीजों को मुफ्त दवाईयां दी गई। सर्वेश हेल्थ सिटी अस्पताल एंव सर्वोदय अस्पताल के डाक्टरों की पूरी टीम ने इस कैंप में अपनी सेवाएं दीं। इसके अलावा डॉ. विवेक डुडेजा, हिसार ईएनटी अस्पताल, डॉ. सचिन मित्तल दन्त चिकित्सक के अस्पताल के चिकित्सकों ने भी भरपुर सहयोग दिया। यह कैंप सर्वेश हैल्थ सिटी एवं सर्वोदय हस्पताल के पूर्ण सहयोग से संपन्न हुआ। डॉ. उमेश कालड़ा एवं डॉ. सरिता कालड़ा ने इस कैंप का विधिवत शुभारंभ किया। इस कैंप के प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. संजीव खुराना एवं को प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. सुनील मलिक रहे। क्लब प्रधान रोटेरियन राकेश महता एवं सैक्रेटरी रो. विनोद आहुजा का योगदान व मार्गदर्शन इस कैंप में अति सराहनीय रहा। रोटरी सैन्ट्रल क्लब हिसार इस तरह के समाज सेवा के कैंप हर वर्ष लगाता रहता है। क्लब प्रधान रोटेरियन राकेश महता के अनुसार कल्ब इस के बाद एक मेगा ब्लड डोनेशन कैंप शीघ्र ही लगाएगा। क्लब के लगभग सभी सदस्यों में इस कैंप में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

# मलेरिया और डेंगू की रोकथाम को लेकर मार्च महीने में 17868 लोगों की रक्त पट्टिकाओं में मिले 2 मलेरिया के मामले

## एक्टिव सर्वेलेंस बढ़ाने को के लिए फील्ड कर्मचारियों को जारी किए दिशा निर्देश : डॉ मेजर सुभाष खतरेजा




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** मार्च माह में जिलाभर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 19868 लोगों की रक्त पट्टिकाएं यानि ब्लड स्लाइड बनाकर मलेरिया विभाग द्वारा दो मलेरिया के मामले सामने आए। यह जानकारी जिला मलेरिया अधिकारी एवम् उप सिविल सर्जन डॉ सुभाष खतरेजा ने दी। सोमवार को मच्छर जनित बिमारियों की रोकथाम,नियंत्रण और बचाव को लेकर जिलेभर के हैल्थ इंस्पैक्टर की मासिक मीटिंग में उन्होंने सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत द्वारा दिये गये दिशा निर्देश जारी किए कि मलेरिया और डेंगू के नियंत्रण के लिए एक्टिव सर्वेलेंस, सोर्स रिडक्शन और जागरुकता अभियान बढ़ाकर लोगों को बिमारी के खतरों से सचेत करें। अप्रैल महीने से मकान, दुकान या संस्थान में मच्छर का लारवा पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को नोटिस दिए जायेंगे। म्युनिसिपल एक्ट के अनुसार दोबारा लारवा मिलने पर 200 रूपए से लेकर 2000 तक जुर्माना वसूला जाएगा। वर्ष 2023 के दौरान पाए गए मलेरिया और डेंगू पॉजिटिव केसों का घर जाकर उनके रक्त की पट्टिकाएँ बनाकर दोबारा जांच करेंगे कहीं उनके खून में मलेरिया या डेंगू का कोई परजीवी तो नही है।एमपीएचडब्ल्यू नूर मोहमद ने बताया कि आमजन को मच्छरों की वृद्धि को रोकने को लेकर निम्नलिखित सावधानियां बरतनी चाहिए।

1) अपने घर और आस पड़ोस में किसी भी स्थान पर पानी खड़ा ना होने दें।

2) घरों में घरों में मच्छरदानी का प्रयोग करें।

3) कूलर,पानी की टंकी,पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रीज की ट्रे, फूलदान, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन और टायर इत्यादि में पानी इकट्ठा न होने दें। पानी से भरे हुए बर्तनों व टंकियां आदि को ढक कर रखें।

4) कूलर को सप्ताह में एक बार खाली करके सुखा दें।

5) डेंगू के उपचार के लिए कोई खास दवा या वैक्सीन नहीं है बुखार उतारने के लिए केवल पेरासिटामोल ले सकते हैं।एस्प्रिन या ब्रूफेन का इस्तेमाल अपने आप ना करें डॉक्टर की सलाह लें।

6) पूरी बाजू के कपड़े पहने।

7) सप्ताह में किसी एक दिन ड्राई डे जरूर मनाएं जिसके अंतर्गत पानी के सभी पात्रों को साफ करके सुखाएं।मीटिंग में

डॉ अमन सचदेवा, डॉ दीपिका महामारीविद, जितेंद्र मलिक, जगदीप मान, सत्यबीर, तकनीकी शाखा इंचार्ज प्रदीप सहित जिलेभर से आए हैल्थ इंस्पैक्टर ने भाग लिया।

# पॉप, ट्रैप और हिप-हॉप! तलवार के 'फ़िरोज़ी फीलिंग्स' में आपकी प्लेलिस्ट का हिस्सा बनने का हर गुण मौजूद है




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** फ़िरोज़ी सिटी के 25 वर्षीय गौरव तलवार की धुनों पर झूमने की तैयारी कर लीजिए, क्योंकि यह रैपर/गायक/निर्माता अपना नया जबरदस्त एल्बम 'फ़िरोज़ी फीलिंग्स' लेकर आ रहा है। अपनी बहुमुखी कला के लिए प्रसिद्ध गौरव ने इस एल्बम में तीन अलग-अलग ट्रैक 'फैन,' 'इन माई हेड,' और 'नोटोरियस गर्ल', दिए हैं, जिनमें से प्रत्येक एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है। इस एल्बम में बीट्स, मेलोडीज़ और भावनाओं का ऐसा मिश्रण है, जो दिल में उतर जाएगा, और आधुनिक स्टोरी टेलिंग का सार प्रदर्शित करेगा। एल्बम 'फ़िरोज़ी फीलिंग्स' तलवार की विशिष्ट शैली में जुनून, पुरानी यादों और बेबाक भावनाओं की दुनिया में ले जाता है। जहाँ 'फैन' की संक्रामक बीट्स में तलवार श्रोताओं को 80 के दशक के पॉप से प्रेरित पुरानी यादों की दुनिया में ले जाते हैं और एक ग्लैमरस शख्सियत के स्थाई आकर्षण में डूब जाते हैं, वहीं 'इन माई हेड', में कलाकार का आत्मविश्लेषण का सफर शुरू होता है, जो किसी खास के बारे में उनके अटल विचारों की खोज करता है। अंत में तलवार एक क्रांतिकारी गीत, 'नोटोरियस गर्ल' के साथ सावधान रहते हुए एक ऐसी महिला की जीवंत तस्वीर पेश करते हैं, जो हर कदम पर सामाजिक नियमों को चुनौती देती है। यह साहसिक है, बेबाक है, और बेहतरीन है। अपने एल्बम के बारे में तलवार ने कहा, 'फ़िरोज़ी फीलिंग्स प्यार, चाहत, अनुभव और संगीत की खोज की पराकाष्ठा है। हर ट्रैक मेरी भावना का एक हिस्सा है, जो जीवन और प्रेम के विभिन्न पहलू प्रदर्शित करता है। मुझे एक ही ईपी में संगीत की विभिन्न शैलियों को मिलाने में बहुत मजा आया। मैं यह सफर श्रोताओं से बाँटने के लिए उत्साहित हूँ। मुझे उम्मीद है कि वो मुझे और मेरी भावनाओं को समझेंगे, जो मैंने ईपी का हर ट्रैक बनाने में महसूस कीं।' हर नोट में भावनाओं को भरकर तलवार बहुत सुगमता से फ्रीस्टाइल और पूरी तरह से संरचनाबद्ध गाने बनाने की असाधारण क्षमता रखते हैं। वो संगीत की विभिन्न शैलियों में प्रयोग करते हैं, जिसकी वजह से वो उद्योग में एक उभरता हुआ सितारा बन गए हैं। इसलिए डांस करने, खिलखिलाने, और कुछ आँसू गिराने की तैयारी कर लीजिए क्योंकि तलवार 'फ़िरोज़ी फीलिंग्स' के साथ आपको मानवीय भावनाओं के रंगबिरंगे सफर पर ले जा रहे हैं।




# सीएम नायब सिंह सैनी ने गांव मुन्ना माजरा में जाकर भाजपा के नारायणगढ़ मण्डल प्रधान स्व. रणदीप सिंह बांका सैनी के निधन पर शोक व्यक्त किया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नारायणगढ़, 2 अप्रैल :** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज गांव मुन्ना माजरा में जाकर भाजपा के नारायणगढ़ मण्डल प्रधान स्व. रणदीप सिंह बांका सैनी के निधन पर शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. रणदीप सिंह बांका उनके संघर्ष के दिनों के साथी रहे है और जिन्होंने न केवल भाजपा के एक समर्पित कार्यकर्ता के तौर पर सदैव कार्य किया बल्कि उनके चुनावों में भी जी-जान लगाकर काम किया और रणदीप सिंह बांका सैनी जैसे कार्यकर्ताओं की बदौलत ही नारायणगढ़ में पहली बार 2014 में कमल का फूल खिला और विधायक बनने में वे कामयाब हुए। इसी प्रकार जब 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें कुरूक्षेत्र से लोकसभा चुनाव में उतारा और वहां पर भी रणदीप सिंह बांका सैनी ने यहां के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ उनके लिए चुनाव प्रचार किया और वे सांसद बने। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्व. रणदीप सिंह बांका सैनी के निधन से पार्टी को तो नुकसान हुआ ही है, उन्हें भी नीजि तौर पर आघात लगा है। रणदीप सिंह बांका सैनी के अक्षमात यूं हम सबको छोड़ कर चले जाने से जो क्षति हुई है, उसकी कभी भरपाई नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ है। गौरतलब है कि स्व. रणदीप सिंह बांका सैनी का विगत दिवस निधन हो गया था और आज उनके फूल चुनने की रस्म क्रिया थी। इस मौके पर सीएम नायब सिंह सैनी ने उनके निवास पर जाकर स्व. रणदीप सिंह बांका सैनी के पिता राम सिंह, भाई पुष्पिन्द्र तथा धर्मपत्नी पूर्व पंचायत समिति नारायणगढ़ की अध्यक्ष नीलम व अन्य परिजनों को ढांढस बंधाया और शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा, जिला प्रधान मनदीप राणा, जिला परिषद चेयरमैन अम्बाला राजेश लाडी, सीएम के भाई चंदन सैनी व नम्बरदार सुरेश पाल, पूर्व जिला प्रधान राजेश बतौरा, जिला परिषद यमुनानगर के चेयरमैन रमेश ठसका, भाजपा जिला अम्बाला सचिव विवेक गुप्ता, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जसमेर राणा, किसान मोर्चा जिला प्रधान जसवीन्द्र बख्तुआ, युवा जिला प्रधान संदीप सैनी अम्बली, सैनी सभा के प्रधान मा. केहर सिंह सैनी, सोहन सैनी, मण्डल प्रधान गुरनाम सिंह गुर्जर, मंगूराम कंजाला, पूर्व चेयरमैन अमित वालिया, राजू मक्कड़, अश्वनी अग्रवाल, अशोक साहनी, राकेश बिंदल, कर्म सिंह भूखड़ी, देवेन्द्र सिंह औखल, हैप्पी शर्मा बनौदी, दलबीर राणा बधौली, संजीव सैनी संगरानी, चरणजीत सिंह मुन्ना माजरा, मा. दयाल सैनी, नैब सैनी रज्जूमाजरा तथा संजीव कौशिक सहित अन्य कार्यकर्ता और क्षेत्रवासीयों ने स्व. रणदीप सिंह बांका सैनी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्व. पत्रकार राममूर्ति धारी के पुत्र स्वर्गीय अमित कुमार धारी के निधन पर उनके नारायणगढ़ स्थित निवास पर जाकर शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्व. अमित धारी के ताऊ कृष्ण लाल धारी व अन्य परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि अमित धारी का पिछले दिनों निधन हो गया था। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नारायणगढ़ में नगरपालिका पार्षद रहे स्व. प्रवीण कपूर के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके निवास पर गये। स्व. प्रवीण कपूर का विगत मास निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने स्व. प्रवीण कपूर के पुत्र शालीन वालिया एवं अंशुल वालिया (पत्रकार) तथा परिजनों को सांत्वना दी। इस अवसर पर आहलुवालिया सभा के प्रधान मुकेश वालिया, पूर्व चेयरमैन अमित वालिया, नवीन कपूर, अनिल कपूर, पवन कपूर, अशोक कपूर सहित आहलुवालिया बिरादरी के गणमान्य लोगों के साथ-साथ शहरवासी भी मौजूद रहे।

# लायंस क्लब हिसार गौरव ने योग शिविर आयोजित कर, लायंस हिसार गौरव पार्क का शुभारम्भ किया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** लायंस क्लब हिसार गौरव द्वारा लायंस हिसार गौरव पार्क सेक्टर-13 का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन क्लब के वरिष्ठ सदस्यों लायन बी. के. गुप्ता व लायन के. के. नारंग ने सपरिवार रिबन काटकर विधिवत रूप से किया। उल्लेखनीय है की लायन नारंग और लायन गुप्ता ने इस पार्क को विकसित करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लायंस हिसार का ये पार्क हरे-भरे पौधों व बच्चों के लिए झूलों से सुस्सजित है जिसकी छवि देखते ही बनती है। इस पार्क को लायंस क्लब हिसार गौरव ने आमजन के लिए बनाया है। प्रारम्भ में इस पार्क एक कूड़ाघर बना रखा था जिसका हिसार गैरव ने बहुत सुन्दर काया कलप किया है। इस अवसर पर पार्क में लायंस क्लब हिसार गौरव की तरफ से एक तीन दिवसीय योग शिविर का भी आयोजन किया गया जो 2 अप्रैल तक सुबह 6 बजे से 8 बजे तक इसी पार्क में चलेगा। इस शिविर में पतंजलि योग पीठ से जुड़े आयुष योग सहायक राजेश कुमार, डॉक्टर मुकेश कुमार, नमिता कुमारी व विजय कुमार, ईश आर्य मुख्य योग प्रचारक पतंजलि योगपीठ के सानिध्य में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस योग शिविर में योग के इलावा अन्य स्वास्थय सम्बन्धी जानकारी भी प्रदान की जा रही हैं। इस कार्यक्रम के आयोजन में क्लब के आधार पूर्व जनपद अध्यक्ष लायन के एल खट्टर और लायन एस पी गोयल का विशेष मार्गदर्शन रहा। शिविर में मुख्य रूप से अन्य लायन सदस्यों में क्लब के कोषाध्यक्ष मुनीश गुप्ता, लेख राज मेहता, संजीव ग्रोवर, राजेश भटिया, आर के सिंगल, सुनील कालरा, सुनील नागपाल व लायन अजय गोयल उपस्थित थे। रीजन चेयरमैन लायन राजेश बहार, जोन चेयरमैन लायन राजेश पाहवा के अलावा शहर के गणमान्य लायंस में लायन सुरेंदर छिंदा, बी के गोयल, शम्मी नागपाल, सुरेंदर बजाज, महेश चौधरी, सुरेंदर वासुदेवा व विपिन भाटिया ने भी शिरकत की। इसके अलावा आसपास की महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने भी इस शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर क्लब के प्रधान लायन विपिन अरोरा एडवोकेट ने बताया की लायंस क्लब हिसार गौरव शहर में हमेशा सेवा कार्यों में अग्रणी रहा है और भविष्य में भी आम जन के लिए सेवा कार्य करता रहेगा।

# डॉ राजेश जांगड़ा को श्रेष्ठ कलाकार के सम्मान से नवाजा

## भगवान राम के जीवन से जुड़े पहलुओं को कैनवास पर श्रेष्ठ रूप से किया चित्रित




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** राज्य ललित कला अकादमी (संस्कृत विभाग) उत्तर प्रदेश व स्थानीय सामाजिक संगठन 'उड़ान' के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में हिसार के डॉक्टर राजेश जांगड़ा को श्रेष्ठ कलाकार के रूप में सम्मानित किया गया। 'राम है कण-कण में' विषय पर कार्यशाला का आयोजन संभल जिले के बिजनोई क्षेत्र में किया गया। इसमें भारत व नेपाल के 50 वरिष्ठ कलाकारों को आमंत्रित किया गया। हिसार के वरिष्ठ कलाकार डॉ राजेश जांगड़ा, डॉक्टर गीता जांगड़ा व टोहाना की डॉक्टर नेहा बत्रा कार्यशाला में आमंत्रित थे। सभी कलाकारों ने भगवान राम के जीवन से जुड़े पहलुओं को कैनवास पर चित्रित किया। डॉ राजेश जांगड़ा द्वारा बनाए गए चित्र की मुख्य अतिथि उपायुक्त मनीष बंसल व उड़ान संस्थान की संचालिका व प्रधान ममता राजपूत सहित सभी अतिथियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की और डॉक्टर राजेश जांगड़ा की उपलब्धियां को देखते हुए शॉल तथा स्मृति चिन्ह देकर श्रेष्ठ कलाकार के सम्मान से नवाजा गया। वहीं डॉक्टर गीता जांगड़ा व डॉक्टर नेहा बत्रा को विशेष कलाकार सम्मान से भी सम्मानित किया गया। डॉक्टर राजेश जांगड़ा व डॉ गीता जांगड़ा की इस उपलब्धि के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मीरांन के प्राचार्य सुभाष चाहार व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगथला की प्राचार्या अनीता और सभी स्टाफ सदस्यों ने खुशी व्यक्त की है।

# सीनियर हरियाणा स्टेट एथलैटिक्स चैम्पियनशिप 13 अप्रैल से कुरुक्षेत्र में

## 700 के करीबन खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** एथलैटिक्स हरियाणा की ओर से लड़के व लड़कियों की ओपन छठी एथलैटिक्स चैम्पियनशिप 13 व 14 अप्रैल को कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में करवाई जाएगी जिसमें हिसार सहित प्रदेश के सभी जिलों के लगभग 700 एथलीट भाग लेंगे। एथलैटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक व एथलैटिक्स हरियाणा के मीडिया कोऑर्डिनेटर राजू कनोह ने आज यहां बताया कि चैम्पियनशिप की अध्यक्षता एथलैटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया (ए. एफ. आई.) के सह सचिव राजकुमार मिटान करेंगे। यह चैम्पियनशिप एथलैटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया (ए.एफ.आई.) मैनुअल पर होगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए एथलीट अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एथलैटिक्स हरियाणा की वेबसाइट पर 7 अप्रैल तक करवा सकते हैं। गलत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पर एथलीट खुद जिम्मेवार होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रतियोगिता में 16 वर्ष से नीचे की आयु का कोई भी खिलाड़ी भाग नही ले सकता। इस चैम्पियनशिप के दौरान हरियाणा टीम का चयन सीनियर फैडरेशन कप के लिए किया जाएगा। सीनियर फैडरेशन कप का आयोजन 12 से 15 मई तक किया

# हवन के साथ स्कूल में नए सत्र की शुरुआत



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** सेंट सोफिया स्कूल में नए सत्र 2024-25 का पूरे वैदिक विधि विधान से हवन करवाकर प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती वर्षा राणा, मैनेजिंग डायरेक्टर डा. डी.एस. राणा, उपधानचार्या शिल्पी राणा टीचिंग और नॉन टीजिंग स्टाफ ने विशेष रूप से भाग लिया और यज्ञ में अपनी आहुतियाँ डाली। ब्राह्मण ने अपने संबोधन में कहा कि हवन का सभी प्राणियों के लिए बहुत महत्व है इससे पर्यावरण की शुद्धि के साथ-साथ आत्मिक शुद्धता भी होती है। इस संसार में गुरु का स्थान सर्वोपरि है आज गुरू ही है जो सही मार्ग दिखा सकता है। इसलिए शास्त्रों में गुरु का स्थान ईश्वर के समान बताया गया है। स्कूल की प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युग स्पर्धा का युग है इसके लिए कठिन परिश्रम की आवश्यकता है। अपने सपनों को साकार करने के लिए सत्रारम्भ में ही दृढ़ निश्चयी होकर सतत अभ्यास करना होगा। उन्होंने कहा कि अध्यापक संपूर्ण समाज के लिए दर्पण के समान होता है। इसलिए शिक्षक का दर्जा सबसे ऊँचा रहा है।

# ऑटिज्म के प्रति जागरूकता फैलाकर विकार को दूर किया जा सकता है

## (विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस विशेष)

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

प्रतिवर्ष 2 अप्रैल को दुनियाभर में विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस (World Autism Awareness Day) मनाया जाता है। विश्व आत्मकेंद्रित जागरूकता दिवस का आयोजन संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक संचार विभाग और संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग द्वारा ऑटिस्टिक सेल्फ एडवोकेसी नेटवर्क, ग्लोबल ऑटिज्म प्रोजेक्ट और स्पेशलिस्टर्न फाउंडेशन सहित नागरिक समाज भागीदारों के समर्थन से किया जाता है। 2 अप्रैल 2024 को, 17वां विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस है। दिसंबर 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसके अनुसार, साल 2008 से, प्रत्येक वर्ष के 2 अप्रैल को 'विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस' के रूप में नामित किया गया है। इसका उद्देश्य ऑटिज्म और संबंधित अनुसंधान व निदान, और ऑटिज्म पीड़ित लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। दुनिया भर में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों के बारे में अपने नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिन मनाया जाता है।

**ऑटिज़्म क्या है?**

ऑटिज़्म एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है, जो व्यक्ति में आजीवन रहती है। जिससे ग्रस्त लोगों में व्यवहार से लेकर कई तरह की दिक्कतें होती हैं। ऑटिज्म के शुरुआती लक्षण 1-3 साल के बच्चों में नजर आते हैं। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम शब्द कई विशेषताओं को संदर्भित करता है। जो बच्चा ऑटिज़्म से पीड़ित होता है, उसमें मुख्य तौर से सामाजिक दुर्बलता, बात करने में मुश्किल, प्रतिबंधित व्यवहार,व्यवहार में दोहराव और एक पैटर्न का दिखना इत्यादि शामिल है।

आसान शब्दों में ऑटिज़्म एक तंत्रिका संबंधी विकार है, जो किसी व्यक्ति की दूसरों के साथ संवाद करने की क्षमता को प्रभावित करता है। विकार बचपन में शुरू होता है और वयस्कता तक रहता है। कहा जाए तो यह एक मानसिक रोग है। इस रोग के शिकार बच्चे अधिक होते हैं। एक बार ऑटिज्म के चपेट के आने के बाद बच्चे का मानसिक संतुलन संकुचित हो जाता है। इस वजह से बच्चा परिवार और समाज से दूर रहने लगता है।

**ऑटिज्म के लक्षण**

ऑटिज्म के दौरान व्यक्ति को कई समस्याएं हो सकती हैं, यहां तक कि व्यक्ति मानसिक रूप से विकलांग हो सकता है।ऑटिज्म के रोगी को मिर्गी के दौरे भी पड़ सकते हैं।

कई बार ऑटिज्म से ग्रसित व्यक्ति को बोलने और सुनने में समस्याएं आती हैं।

ऑटिज्म जब गंभीर रूप से होता है तो इसे ऑटिस्टिक डिस्ऑर्डर के नाम से जाना जाता है लेकिन जब ऑटिज्म के लक्षण कम प्रभावी होते हैं तो इसे ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिस्ऑर्डर (ASD) के नाम से जाना जाता है। एएसडी के भीतर एस्पर्जर सिंड्रोम शामिल है।

बच्चों में ऑटिज्म के प्रारंभिक लक्षणों को बहुत आसानी से पहचाना जा सकता है। बच्चों में ऑटिज्म के कुछ लक्षण इस प्रकार हैं ‒ कभीक्ककभी किसी भी बात का जवाब नहीं देते या फिर बात को सुनकर अनसुना कर देते हैं। कई बार आवाज लगाने पर भी जवाब नहीं देते।

किसी दूसरे व्यक्ति की आंखों में आंखे डालकर बात करने से घबराते हैं।

अकेले रहना अधिक पसंद करते हैं, ऐसे में बच्चों के साथ ग्रुप में खेलना भी इन्हें पसंद नहीं होता।बात करते हुए अपने हाथों का इस्तेमाल नहीं करते या फिर अंगुलियों से किसी तरह का कोई संकेत नहीं करते। बदलाव इन्हें पसंद नहीं होता। रोजाना एक जैसा काम करने में इन्हें मजा आता है। यदि कोई बात सामान्य तरीके से समझाते हैं तो इस पर अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं देते। बार-बार एक ही तरह के खेल खेलना इन्हें पसंद होता हैं।

बहुत अधिक बेचैन होना, बहुत अधिक निष्क्रिय होना या फिर बहुत अधिक सक्रिय होना। कोई भी काम एक्सट्रीम लेवल पर करते हैं।

**प्रेग्नेंसी में रखें पूरा ध्यान**

कहा जाता है कि प्रेग्नेंसी के दौरान खान-पान अच्छा रखें। ऐसा नहीं करने पर बच्चे का दिमाग पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाता है। हालांकि यह सेंट्रल नर्वस सिस्टम को नुकसान होने के कारण ऑटिज्म नामक बीमारी होने की आशंका बढ़ जाती है।जिन बच्चों में ऑटिज्म की शिकायत होती है, उनके विकास की गति धीमी होती है। उनका नाम पुकारने पर भी वो कोई जवाब नहीं देते हैं। आमतौर पर छह माह के बच्चे मुस्कुराना, उंगली पकड़ना और आवाज पर प्रतिक्रिया देना सीख लेते हैं, लेकिन जिन बच्चों में ऑटिज्म की शिकायत होती है वह ऐसा नहीं कर पाते हैं। इसके बचाव के लिए गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान नियमित तौर पर मेडिकल चेकअप कराना चाहिए। बच्चे के पैदा होने से छह माह तक उनकी आदतों पर गौर करें।

**ऑटिज्म होने के कारण**

अभी तक शोधों में इस बात का पता नहीं चल पाया है कि ऑटिज्म होने का मुख्य कारण क्या है। यह कई कारणों से हो सकता है। जन्म संबंधी दोष होना अर्थात् बच्चे के जन्म से पहले और बाद में जरूरी टीके ना लगवाना इसके अतिरिक्त गर्भावस्था के दौरान मां को कोई गंभीर बीमारी होना। दिमाग की गतिविधियों में असामान्यता होना तथा बच्चे का समय से पहले जन्म या बच्चे का गर्भ में ठीक से विकास ना होना।

लड़कियों के मुकाबले लड़कों की इस बीमारी की चपेट में आने की ज्यादा संभावना होती है। इस बीमारी को पहचानने का कोई निश्चित तरीका नहीं है, हालांकि जल्दी इसका निदान हो जाने की स्थिति में सुधार लाने के लिए कुछ किया जा सकता है। यह बीमारी दुनिया भर में पाई जाती है और इसका गंभीर प्रभाव बच्चे चों, परिवारों, समुदाय और समाज सभी पर पड़ता है।

**विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस का महत्व**

विश्व आत्मकेंद्रित जागरूकता दिवस मनाने का आदर्श तरीका उन लोगों की विशेषताओं से परिचित होना है जो इस जटिल स्थिति से पीड़ित हैं। आज हमें इस दिन के महत्व के बारे में जानकर अपनी समझ को बढ़ाएं जाने की आवश्यकता है। विषेशज्ञों की मानें तो ऑटिज्म के विकार को दूर किया जा सकता है। इसके लिए माता-पिता समेत लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। यह बीमारी किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है। हालांकि, महिलाओं की तुलना में पुरुषों को अधिक होता है। इसके अलावा, बच्चे ऑटिज्म के अधिक शिकार होते हैं।

इस विकार के लिए विभिन्न उपचार हैं, लेकिन कोई इलाज उपलब्ध नहीं है।

ऑटिज्म से पीड़ित लोगों में विशिष्ट विशेषताएं, व्यवहार और काम करने का तरीका होता है।ऑटिज़्म एक जीवन भर चलने वाला विकार है, लेकिन शोध के अनुसार, नौकरी की गतिविधियाँ जो स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करती हैं, दैनिक कौशल बढ़ा सकती हैं और ऑटिज़्म के लक्षणों को कम कर सकती हैं।

वर्ष 2024 की थीम ‒इस वर्ष की शानदार थीम 'कलर' का अनावरण किया गया है। जीवंत थीम गतिशीलता से रहित संकुचित जीवन जीने वाले ऑटिस्टिक व्यक्तियों की रूढ़िवादिता को खत्म करने का प्रयास करती है।

ऑटिस्टिक बच्चों की देखभाल करना, न केवल चिकित्सा संस्थानों का उत्तरदायित्व है,बल्कि पारिवारिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा और सामाजिक शिक्षा का भी विशेष दायित्व है। ऑटिज्म जैसे विषय पर समय समय पर फिल्में भी बनती रहीं हैं जिनमें मुख्य रुप से कोई मिल गया, मैं ऐसा ही हूं, बर्फी, ब्लैक, तारे जमीं पर।

शिक्षा निदेशालय दिल्ली सम्पूर्ण अप्रैल के महीने को विश्व ऑटिज्म जागरूकता माह के रूप में मनाती हैं। शिक्षा निदेशालय दिल्ली के राजकीय विद्यालयों में कार्यरत विशेष शिक्षक समाज में नुक्कड़ नाटक,स्लोगन- पोस्टर इत्यादि के



माध्यम से ऑटिज्म के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करते हैं तथा विद्यालयों में भी ऑटिज्म के प्रति छात्रों को जागरूक करते हैं। यद्यपि लंबे समय तक ऑटिज़्म की स्थिति वाले लोगों को समाज में नज़रअंदाज़ किया गया और उन्हें बहिष्कृत भी किया गया। विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर समाज में इस स्थिति के बारे में जागरूकता पैदा करने और इसके साथ रहने वाले लोगों के लिए सहायता प्रदान करने का प्रयास करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए एवं ऑटिज़्म वाले लोगों को अपने दैनिक जीवन में सामना करने वाली बाधाओं को उजागर करके इसके बारे में जागरूकता बढ़ानी चाहिए। आइए इस विशेष अवसर पर हम सभी दुनिया भर में ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों के अनुकूल रहने का माहौल देकर उनके जीवन को आनंदित करें तथा उनके अधिकारों को स्वीकार करने और उनकी वकालत करने का संकल्प लें।

**-मोनिका शर्मा**
**विशेष शिक्षा अध्यापिका**
**(दिल्ली)**

# दिवाली से अब तक लिए 150 सैंपलों में से 18 आए फेल आए : पवन चहल



पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 2 अप्रैल : खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन चहल ने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दिवाली से अब तक खोये, दूध और पनीर से बनी मिठाईयों के 150 सैंपल लिए थे जिनमें से जनवरी तक के सैंपलों की रिपोर्ट आ चुकी है। जिनमें 18 सैंपल फेल आए हैं। इनमें 17 खोए और दूध से बनी मिठाईयों के हैं और एक सैंपल हरी चटनी का है। उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ रही है इसलिए सीजनल चीजें ज्यादा खाएं। जो भी चीज खरीदें उसकी गुणवत्ता को अच्छे से जांच लें। खासकर रंगों से बनी मिठाईयों से परहेज करें। क्योंकि रंगों से बनी मिठाईयों में रंगों की मात्रा को कई बार ध्यान नहीं रखा जाता जो स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है।

**उन्होंने बाजार की तली हुई चीजों को खाने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखने के लिए कहा।**

1. अगर तली हुई चीजें खा रहे हैं तो सबसे पहले उसके तेल की जांच करें।

2. तेल ज्यादा ब्राउन या गाढ़ा हो तो वहां कुछ भी खाने से बचे।

3. अगर कढ़ाई में तेल से ज्यादा धुआं निकल रहा है तो वह स्वास्थ्य के लिए ज्यादा हानिकारक है। इसलिए उससे बनी कोई भी चीज खाने से बचें।

*महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में स्वीप गतिविधियों का आयोजन*

# मताधिकार लोकतंत्र की नींव : डॉ शमीम




पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 2 अप्रैल : भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी, हिसार के निर्देशानुसार मतदान के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक करने के लिए छात्राओं को शपथ दिलवाई गई। इस मौके पर महाविद्यालय चेयरमैन श्री भारत भूषण प्रधान ने छात्राओं से कहा कि हमें अपने मताधिकार के बारे में अपने अपने गांवों में आस पास के लोगों के अंदर जागरूकता लाने की आवश्यकता है। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ नीलम प्रभा ने छात्राओं से कहा कि भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्यों को निभाने का संकल्प लेना चाहिए। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है। इसलिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए ताकि एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में एक सेल्फी पाइंट का निर्माण किया गया जिसका उद्देश्य छात्राओं के अंदर अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक करना है।

# मॉडल टाउन में वेद कथा कल से 7 तक

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 2 अप्रैल : आर्य समाज मंदिर मॉडल टाउन में 3 अप्रैल से 7 अप्रैल तक वेद कथा का आयोजन किया जाएगा। 3 अप्रैल को सेठ श्री जगदीश प्रसाद आर्य जी ध्वजारोहण करके वेद कथा का शुभारंभ करेंगे। 7 अप्रैल को सुबह 9 से 1 बजे तक ऋषिभोज के साथ वेद कथा का समापन किया जाएगा। आर्य समाज मंदिर ट्रस्ट के उपप्रधान वीरेंद्र कुमार आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि वेद कथा में आर्य जगत के सुप्रसिद्ध विद्वान, वैदिक प्रवक्ता एवं भजनोपदेशक पधारेंगे। वेद कथा से पहले प्रतिदिन सुबह 9 से 10 बजे तक हवन-यज्ञ किया जाएगा। उसके बाद सुबह 10.15 से 12.30 बजे तक और रोज शाम 8.00 बजे से रात 10 बजे तक वेद कथा की जाएगी। इस अवसर पर वैदिक प्रवक्ता आचार्य संजय याज्ञिक, मेरठ और भजनोपदेशक पं. मोहित शास्त्री बिजनौर को मुख्य रूप से आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर पूर्व डीएसपी गंगादत्त अहलावत, पवन रावलवासिया, जगदीश प्रसाद आर्य, आनंद गर्ग, एडवोकेट सुरेंद्र बेरवाल, रामपाल आर्य, जयकुमार बंसल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

# केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कीं : किरमारा



पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 2 अप्रैल : आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने आरोप लगाया है कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी है। किसी समय भ्रष्टाचारियों को पानी पी-पीकर कोसने वाली भाजपा आज भ्रष्टाचारियों को घर से बुलाकर टिकटें थमा रही है और परमपरागत भाजपाई टिकटों की बाट जोह रहे हैं।

दलबीर किरमारा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वर्तमान में भ्रष्टाचार की पर्याय बन चुकी है और चंदा दो-धंधा लो की नीति पर चल रही है। यही कारण है कि दस साल के शासन के बावजूद भाजपा के पास वोट मांगने के लिए कोई उपलब्धियां नहीं है और वह जातपात, क्षेत्रवाद, धर्म व सम्प्रदाय के नाम पर वोट मांग रही है। यदि भाजपा ने जनता के हित में काम किया तो चुनावों के लिए उम्मीदवार भाजपा में ही तैयार हो और भाजपा को कहीं से उधार के उम्मीदवार नहीं लाने पड़ते। यही नहीं, भाजपा के उम्मीदवार जब गांवों में वोट मांगने जा रहे हैं तो ग्रामीण जनता उनका विरोध करके जता रही है कि भाजपा ने 10 साल के शासन में किसानों सहित किसी वर्ग के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में दो दिन पहले हुई इंडिया गठबंधन की महारैली में उमड़ी भीड़ व सभी दलों के नेताओं की एकजुटता ने भाजपा सरकार की नींद उड़ा दी है।

दलबीर किरमारा ने कहा कि ईडी व सीबीआई के बल पर विरोधियों को जेलों में डालना ही अब मोदी सरकार का ध्येय हो चुका है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बेवजह गिरफ्तार करवा दिया और उनकी गिरफ्तारी के रोषस्वरूप जब जनता ने भाजपा को औकात बतानी शुरू की तो अब पार्टी के कुछ और नेताओं पर गिरफ्तारी की तलवार लटका दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के खाते सील करना, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी, अन्य विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करके तानाशाही नीतियां वाली भाजपा को जनता चुनावों में सत्ता से बाहर करेगी।

# कलश यात्रा के साथ भारत माता मंदिर में श्रीराम कथा शुरू

*भारत माता मंदिर में 6 अप्रैल तक हर रोज होगी श्रीराम कथा, 7 अप्रैल को होगा हवन व भंडारा : संरक्षक अनिल महता*



पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 2 अप्रैल : भारत माता मंदिर में कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव की शुरुआत हुई। समाजसेवी चौ. फतेहचंद, माता हरबंस कौर एवं विजय शर्मा की स्मृति में आयोजित किए जा रहे श्रीराम कथा महोत्सव के लिए एमसी कॉलोनी, डीसी कॉलोनी, गोबिंद नगर व आसपास के क्षेत्रों में कलश यात्रा निकाली गई। वृंदावन के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित कृष्णशरण शास्त्री महाराज के सान्निध्य में कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई। पीले व लाल वस्त्रों से सुशोभित महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश व नारियल रखकर इस यात्रा में हिस्सा लिया। इस दौरान जय श्रीराम के उदघोष से पूरा माहौल गुंजायमान हो उठा। कलश यात्रा के दौरान मंदिर के संरक्षक अनिल महता, रामबाबू सिंगल, रामनिवास अग्रवाल सीए, लता सिंगल, मनोरमा गुप्ता, इंदु गोयल, प्रवीन अरोड़ा, बिमला कथूरिया, रेखा, मधु बंसल, उमा राजगढ़िया, संतोष कुमार शास्त्री, रामकिशोर शुक्ला, मीनाक्षी मुदगिल, गोविंद मधु, शशि पारीक सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग विशेष रूप उपस्थित रहे।

मंदिर के संरक्षक अनिल महता ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल तक वृंदावन के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित कृष्णशरण शास्त्री महाराज हर रोज दोपहर 3.30 बजे से सायं 6.30 बजे तक भगवान श्रीराम का गुणगान करेंगे। 7 अप्रैल को प्रातः 10 बजे जनकल्याण के निमित हवन होगा और दोपहर 12 बजे से अटूट भंडारा शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एमसी कॉलोनी में स्थित भारत माता मंदिर अध्यात्म व सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हुआ है। मंदिर के केंद्र में स्थापित की गई भारत माता की विशाल प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहती है। भारत माता की प्रतिमा के बाईं ओर श्री गंगा माता एवं दाईं ओर श्री गऊ माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। भारत माता मंदिर में श्री दुर्गा माता, श्री श्याम बाबा, श्री राधा-कृष्ण, श्री राम दरबार, श्री लक्ष्मी नारायण, श्री पंचमुखी हनुमान व श्री सिद्धिविनायक गणेश के विग्रह की स्थापना की गई है।

# समस्याओं का समाधान नहीं होने से फील्ड कर्मचारियों में रोष

*हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन ने गेट मीटिंग करके जताया रोष*



पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 2 अप्रैल : हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की जिला कमेटी ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता कार्यालय पर गेट मीटिंग कर प्रदर्शन किया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता जिला वरिष्ठ उप प्रधान रविंद्र शर्मा ने की व संचालन जिला सचिव अभय राम फौजी ने किया।

गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए जिला वरिष्ठ उप प्रधान रविंद्र शर्मा व जिला सचिव अभयराम फौजी ने बताया कि विभाग में कौशल रोजगार निगम के आधीन कार्यरत कच्चे कर्मचारियों का अनुभव पोर्टल पर दर्ज नहीं किया गया है और पदोन्नति नहीं हो रही हैं। इस विषय को लेकर संगठन के शिष्टमंडल ने 26 मार्च को अधीक्षक अभियंता से वार्ता करने की कोशिश की, लेकिन अधीक्षक अभियंता द्वारा शिष्टमंडल के साथ दुर्व्यवहार किया और हठधर्मिता करते हुए वार्ता करने से मना कर दिया। संगठन ने इसको लेकर मौके पर ही विरोध दर्ज करवाया। उन्होंने बताया कि अधीक्षक अभियंता ने इस दौरान पुलिस को बुलाया लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप पर अधिकारी ने 28 मार्च को वार्ता करके समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। परंतु अधिकारी ने अपने अड़ियल रवैए दिखाते हुए संगठन के साथ किसी प्रकार की वार्ता नहीं की।

कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि अधीक्षक अभियंता लगातार संगठन को गुमराह करके फील्ड कर्मचारियों का शोषण करने का काम कर रहे हैं। फील्ड में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों के पद व अनुभव दर्ज नहीं किया जा रहा है और पदोन्नतियां नहीं की जा रही हैं। इसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अविलंब फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन कड़े निर्णय लेकर आंदोलन को तेज करने पर मजबूर होगा। गेट मीटिंग को प्रांतीय सह सचिव संदीप पूनिया, प्रांतीय ऑडिटर संदीप सोरखी, जिला कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा, उप प्रधान रामू शर्मा, ब्लॉक प्रधान ओमप्रकाश माल, राजपाल, प्रीतम, सत्यवान कुंडू, रमेश आहूजा, दीपक लोट, विकास गोस्वामी, अशोक शर्मा, पवन शर्मा, सुरेंद्र पहल, राकेश शर्मा, बृजलाल, रमेश आहूजा, राजकुमार, रामसूरत, विनोद, दीपक मेहरा, सूरत सहारण, सतीश दानोदा ने आदि ने भी संबोधित किया।

# सरकार की गलत नीतियों से आढ़ती, किसान बर्बादी की कगार पर : गर्ग



पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 2 अप्रैल : सिरसा में सरसों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से न करने और गेहूं की आढ़त 9.99 रुपए कम देने के विरोध में अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन द्वारा प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव बजरंग गर्ग ने भाग लिया। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश में आढ़ती, किसान व मजदूर बर्बादी की कगार पर है। सरकार ने पहले गेहूं पर आढ़त 9.99 रुपए व धान पर 9.19 रुपए आढ़तियों को काट कर देने का काम किया है। अब सरकार सरसों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से ना करके सरकारी मंडियां बंद करने पर तुली हुई है। सरकार द्वारा गेहूं पर 9.99 रुपए आढ़त कम देने व सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से न करने पर व्यापारियों में बड़ा भारी रोष है। जिसके विरोध में हरियाणा की सभी अनाज मंडियों में अलग-अलग जगह 5 अप्रैल तक धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सदियों से किसान की हर फसल मंडियों के आढ़तियों के माध्यम से बिकती आ रही है और आढ़तियों को हर फसल खरीद पर 2.5 प्रतिशत पूरी दामी में मिलती थी मगर यह सरकार बड़े-बड़े घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए मंडियां बंद करने पर तुली हुई है। आज मंडियों में 40 हजार आढ़ती, गांव में भर्ती करने वाले व्यापारी, लाखों पल्लेदार, ट्रांसपोर्टर, मुनीम आदि मंडी के व्यापार से सीधे जुड़े हुए हैं अगर सरकारी मंडियां बंद हो गई तो लाखों लोग बर्बाद हो जाएंगे। सरकार को जिद छोड़कर पहले की तरह हर अनाज की खरीद आढ़तियों के माध्यम से करके 2.5 प्रतिशत पूरी आढ़त देनी चाहिए।

# हिन्दू नववर्ष महोत्सव के लिए चित्तौड़गढ़ से मंगवाई ध्वजाओं से सजाया जाएगा महाराजा अग्रसेन भवन

**हिन्दू नववर्ष महोत्सव में सनातन संस्कृति की प्रतीक ध्वजाएं देखने को मिलेंगी : दीपक कुमार**



पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 2 अप्रैल : महाराजा अग्रसेन भवन में 7 अप्रैल को मनाए जाने वाले हिन्दू नववर्ष महोत्सव के लिए ध्वजाओं का अनावरण किया गया। श्री प्रभुभक्त संकीर्तन मंडल द्वारा हिसार में बैठक आयोजित करके इन ध्वजाओं का अनावरण हुआ। विशेष बात यह है कि इन ध्वजाओं को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ से मंगवाया गया है। ये ध्वजाएं ध्येय वाक्य भक्ति जागरण से राष्ट्र जागरण से सुशोभित हैं।

ध्वजा अनावरण समारोह के दौरान श्री प्रभुभक्त संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष दीपक कुमार, संयोजक गौरव जैन, सह संयोजक बृजेश पाहुजा, हिमांशु सोनी, पुलकित, हर्षित, पंकज, विजय, यश, हितेश, संदीप, राकेश शर्मा, संजय शर्मा, ऋषि, गौरव बंसल, विवेक आहूजा, सुनील, बलदेव, पवन खुराना, राजेश छोकर, रोहित, सक्षम, जतिन, केशव, मोहित, राकेश उपाध्याय, पुरुषोत्तम शर्मा, विष्णु, अभिनव, अमन सोनी व सुनील सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

श्री प्रभुभक्त संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि भगवा ध्वजाओं को शंख बजाते हुए हनुमान जी, ओम व शिवाजी महाराज के चित्रों से सुसज्जित किया गया है। इन ध्वजाओं से हिन्दू नववर्ष महोत्सव की अलग ही छटा उभरकर सामने आएगी। उन्होंने कहा कि पारिजात चौक से लक्ष्मीबाई चौक तक हर पोल को इन ध्वजाओं से सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7 अप्रैल को हिन्दू नववर्ष महोत्सव दोपहर 2.30 बजे शुरू होगा और रात्रि तक चलेगा।








**सार्वजनिक सूचना**

मैं अमन शर्मा पुत्र श्री सीता राम निवासी गाँव मुकलान हिसार तहसील व जिला हिसार अपने हल्फ से बयान करता हूँ कि मेरी 10वीं कक्षा की DMC में मेरा आधार नम्बर 3229-0467-2386 दर्ज है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक आधार नम्बर 3929-0467-2386 है। अतः मैं अपनी DMC में मेरा सही आधार नम्बर 3929-0467-2386 दर्ज करवाना चाहता हूं। इसकी सारी जिम्मेवारी मेरी होगी।

**डॉ. बलबीर सैनी**
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सेक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
**बलबीर हस्पताल**
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573

**Name Change**

I, Meenu Garg W/o Sh. Shubham Garg R/o H. No. 110/2, Prem Nagar, Hisar, Haryana hereby declare that I have changed my Name from Meenu Goyal to Meenu Garg for all future purposes.

\- Deponent

**FOR SALE**
Well furnished
24 YARDS SHOP
at first floor in
Silver square Mall
Rajguru market
Hisar.
Contact
9896395383


**पाठक ध्यान दें...**
दैनिक पाठकपक्ष के समाचारों को आप हमारी वैबसाइट pathakpaksh.com और फेसबुक पेज pathak paksh पर भी रोजाना पढ़ सकते हैं।




# श्री चैतन्य एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की नई हिसार शाखा का उद्घाटन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए एक प्रमुख संस्थान, श्री चैतन्य एजुकेशनल इंस्टीट्यूट ने आज हिसार में अपनी नई शाखा का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह हिसार परिसर में आयोजित किया गया था और इसमें श्री हितेश (श्री चैतन्य नॉर्थ हेड) और श्री पंकज (श्री चैतन्य मेडिकल हेड) की सम्मानजनक उपस्थिति देखी गई, जो मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित थे। उद्घाटन कार्यक्रम पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन समारोह के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद श्री प्रवीण सिंधु (हिसार शाखा प्रमुख) ने गर्मजोशी से स्वागत भाषण दिया। अपने संबोधन में, श्री प्रवीण सिंधु ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों को उनके शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने के लिए श्री चैतन्य की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्री हितेश और श्री पंकज ने प्रेरक भाषण दिये। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए केंद्रित तैयारी और मार्गदर्शन के महत्व पर जोर दिया और श्री चैतन्य की शैक्षणिक उत्कृष्टता की विरासत की सराहना की। उन्होंने 2023 में संस्थान की उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रकाश डाला, जिसमें श्री चैतन्य के छात्रों ने जेईई एडवांस, जेईई मेन और एनईईटी में प्रतिष्ठित एआईआर 1 रैंक हासिल की। संस्थान छात्रों को आईआईटी-जेईई, एनईईटी और ओलंपियाड जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफल होने में मदद करने के लिए एक पोषण और परिणाम-उन्मुख सीखने का माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्घाटन समारोह श्री प्रवीण सिंधु द्वारा अतिथियों, कर्मचारियों और शुभचिंतकों को उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ संपन्न हुआ। नई श्री चैतन्य हिसार शाखा इस क्षेत्र में शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक बनने का वादा करती है, जो छात्रों को उनकी शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक उपकरण और मार्गदर्शन प्रदान करती है।

### श्री चैतन्य शैक्षणिक संस्थान के बारे में

श्री चैतन्य एजुकेशनल इंस्टीट्यूट शैक्षिक कार्यक्रमों का एक अग्रणी प्रदाता है जो विशेष रूप से छात्रों को चुनौतीपूर्ण प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। पूरे भारत में शाखाओं के एक सुस्थापित नेटवर्क के साथ, संस्थान आईआईटी-जेईई, एनईईटी और विभिन्न ओलंपियाड के लिए व्यापक कोचिंग कार्यक्रम प्रदान करता है। श्री चैतन्य के पास अनुभवी संकाय की एक टीम और छात्रों को उनके शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने में सफलता का एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है।

# चुनावी कर्मी ड्यूटी को पूरी कर्तव्य और निष्ठा के साथ निभाना करें सुनिश्चित : मोहित महराणा

*लोकसभा चुनाव को लेकर गठित विभिन्न टीमों की बैठक लेकर एसडीएम ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 2 अप्रैल :** एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी मोहित महराणा ने चुनावी कर्मियों को निर्देश दिए कि वे चुनावी ड्यूटी को पूरी कर्तव्य और निष्ठा के साथ निभाना सुनिश्चित करें। अगर कोई अधिकारी या कर्मचारी चुनावी ड्यूटी में किसी भी प्रकार की देरी व लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। श्री महराणा मंगलवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में लोकसभा चुनाव को लेकर गठित विभिन्न टीमों की एक संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी अधिकारी और कर्मचारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़े और जो भी चुनाव संबंधी कार्य सौंपा जाए उसे निर्धारित समय अवधि के अंदर पूरा करना सुनिश्चित करें। बैठक में वीडियो व्यूइंग टीम, वीडियो सर्विलांस टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम एवं फ्लाइंग स्क्वायड टीम के सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सभी टीम आपसी तालमेल स्थापित करें ताकि हर कार्य निर्बाध तरीके से पूरा हो।

**सी विजिल ऐप पर दर्ज सभी शिकायतों का हुआ समाधान**

एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि अब तक सभी टीमों ने अच्छा कार्य किया है। सी विजिल ऐप पर अब तक 14 शिकायत दर्ज हुई है उन सभी का समाधान निर्धारित समय अवधि में कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि टीम इसी प्रकार से कार्य करते हुए चुनाव संबंधी कार्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि संयुक्त कार्यालय परिसर की दूसरी मंजिल पर चुनाव कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जा चुका है। इस कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर 01663- 254210 है। पुलिस विभाग द्वारा भी पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। जो 24 घंटे संचालित किया जा रहा है डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि इस कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर 88130-89302 है, साथ ही उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन नंबर 112 पर भी चुनाव संबंधी शिकायतें दर्ज करवाई जा सकती हैं। इस हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाने के बाद 7 मिनट से भी कम समय के अंदर पुलिस संबंधित स्थल पर पहुंच जाएगी।

इस अवसर पर डीएसपी धीरज कुमार, तहसीलदार अनिल कुमार, निर्वाचन कानूनगो गुरुदेव सहित वीडियो व्यूइंग टीम, वीडियो सर्विलांस टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम एवं फ्लाइंग स्क्वायड टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

### हल्के की सीमाओं पर रखे नजर

सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने संबंधित चुनावी टीमों को निर्देश दिए कि हल्के की सीमाओं पर विशेष नजर रखी जाए ताकि अवैध शराब, हथियार व पैसा हल्के में प्रवेश न कर पाए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित धनराशि से राशि लेकर नहीं जा सकता है। अगर निर्धारित धनराशि से अधिक की राशि लेकर जाता है तो उसे इसका कारण बताना होगा। उन्होंने निरीक्षण टीमों में शामिल कर्मियों को यह भी निर्देश दिए कि जब भी कोई चेकिंग अभियान चलाया जाए तो उसकी वीडियोग्राफी अवश्य करवाना सुनिश्चित करें। संबंधित टीमों को एक-एक वीडियोग्राफर भी उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की चुनावी टीम विनम्र व्यवहार करें।

# इनेलो की जिला स्तरीय बैठक 3 को, अभय चौटाला करेंगे संबोधित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** इनेलो की जिला स्तरीय बैठक 3 अप्रैल को प्रातः 11 बजे राजगढ़ रोड स्थित मनवार बैंक्वेट हॉल में होगी। यह जानकारी देते हुए पार्टी के जिला प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि जिला स्तरीय बैठक को पार्टी के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय चौटाला और पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा संबोधित करेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर दिशा-निर्देश देंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में जिला की ओर से नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा का अभिनंदन भी किया जाएगा।

# ओशोधारा ने लगातार तीन दिन पूरे देश में 21 जगहों पर ध्यान योग करवाया : आचार्य सुभाष

*600 साधकों ने नाद दीक्षा ग्रहण की*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा के मिशन हर घर ध्यान के तहत तीन दिनों तक पूरे देश में 21 जगहों पर सफलता पूर्वक ध्यान योग करवाया। हिसार में तीन जगह और पूरे देश में 21 जगह एक साथ समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिआ ने नाद दीक्षा दी। लगभग 600 सहभागियों ने नाद दीक्षा ग्रहण की, जोकि एक इतिहास है। ओशोधारा हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष बताया कि इतने सारे लोगों का एक साथ नाद सुनना विश्व की बहुत बड़ी बात है। हर घर ध्यान के उद्देश्य को पूरा करने हेतु अब ओशोधारा अपने स्तर पर निरंतर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करेगा जिससे कि लोगों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी बढ़े। आज समाज में बहुत सी विकृतियां फैली हुई हैं, जो सिर्फ और सिर्फ व्यक्ति की नासमझी की वजह से है। ध्यान योग से व्यक्ति की समझ बढ़ती है और वो हर निर्णय समझदारी से लेता है। समाज को खुशहाल और सम्पन्न बनाने के लिए जीवन में ध्यान का बहुत महत्व है। ध्यान करने से विद्यार्थी को पढाई के, कर्मचारी को काम के, गृहिणी को घर के व व्यवसायी को व्यवसाय के प्रबंधन में बहुत ही सकारात्मक परिणाम मिलते हैं। इस अवसर पर ओशोधारा हिसार के संयोजक आचार्य जितेंद्र ने हिसार में ध्यान के अग्रणी आचार्यों माँ साक्षी और माँ उषा को कार्यक्रमों के सफल आयोजन पर बधाई दी।

# राममेहर पूनिया मकड़ोली को सर्वजातीय पूनिया खाप कौर कमेटी का चेयरमैन किया नियुक्त



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :**अखिल हरियाणा सर्व जातीय पूनिया खाप के तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश भर से पूनिया परिवार के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इसमें मुख्यतः हिसार से खरक पूनिया, बयाना खेड़ा, सरेहड़ा, ज्ञानपुरा, मतलोडा, सरसाना, किरोड़ी, कनौह, किरमारा, दौलतपुर, लाडवा, मंगाली, सातरोड, भिवानी के गांव गोपालवास, ढाणी माहु सहित अनेक गांव से विशेष भागीदारी रही। बैठक की अध्यक्षता अखिल हरियाणा सर्व जातीय पूनिया खाप के प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने की। इस दौरान अखिल हरियाणा सर्व जातीय पूनिया खाप द्वारा अमित पूनिया गांव गगसीना जिला करनाल को खाप का प्रधान (युवा) नियुक्त किया और राममेहर पूनिया को प्रदेश कौर कमेटी का चेयरमैन नियुक्त गया। जिसका सभी उपस्थित जनसमूह ने जोरदार स्वागत किया। मास्टर राजेन्द्र सिंह पूनिया एवं समस्त खरक पुनिया वासियों द्वारा बाहर से पधारे पूनिया परिवार के गणमान्य लोगों अभिनन्दन किया गया। सभा में विचार विमर्श उपरांत बरवाला-जींद मार्ग पर स्थित गांव खरक पुनिया में पूनिया वैश्विक उत्कृष्ट केंद्र एवं विकास सदन का निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया, जिसके लिए ग्राम पंचायत खरक पूनिया द्वारा लगभग दो एकड़ भूमि निःशुल्क, इस सदन के निर्माण हेतु प्रदान की गई है। बैठक में 15 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया। कोर कमेटी के अध्यक्ष राममेहर पूनिया मकड़ोली को मनोनीत किया गया। कोर कमेटी के सदस्यों में हिसार से नूनिया राम, राजेन्द्र सिंह, अनिल कुमार, रविन्द्र मंगाली, भिवानी से हरेंद सिंह, दादरी से चंद्रसिंह नंबरदार, जींद से करणसिंह, सत्यवान, झज्जर से धर्मवीर व कृष्ण पूर्व जिला प्रधान, सोनीपत से जगदीश, सिरसा से हरपाल, कैथल से सुभाष भागल, करनाल से रामनिवास शामिल हैं। इस अवसर पर भवन निर्माण कम्पनी के संचालक, प्रमुख समाजसेवी वजीर सिंह पूनिया ने आश्वासन दिया कि भवन निर्माण करते समय संस्था की हरसंभव मदद की जाएगी।

# बीडी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हवन द्वारा नए सत्र का शुभारंभ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** बीडी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए सत्र के उपलक्ष्य में हवन करवाया गया। मंत्रोच्चारण के साथ अध्यापकवृंद व छात्रों ने आहुतियां दीं। स्कूल परिसर मंत्रों से गुंजायमान हो गया। विद्यार्थियों द्वारा रामा-रामा रटते-रटते.. भजन प्रस्तुत किया गया। विद्यालय व विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए स्वामी जी ने हवन सम्पन्न करते हुए बच्चों को आशीर्वाद दिया। बच्चों में प्रसाद वितरित किया गया।

# धिकताना के मिडल स्कूल में दंत जांच शिविर लगाया, बच्चों को दांतों की सफाई व देखभाल के बारे में दी जानकारी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 अप्रैल :** गांव धिकताना के गवर्नमैंट मिडल स्कूल में दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को दांतों के स्वास्थय के प्रति सचेत रहने व साफ-सफाई बारे में जागरुक किया गया। डॉ. स्वीटी डेंटल सर्जन पी.एच.सी. धांसू ने बच्चों के दांतों की जांच की। साथ ही उन्हें मुंह व दांतों की देखभाल करने के तरीकों की जानकारी दी व बताया कि मौखिक स्वास्थय की देखभाल कर हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। इसके लिए कम चीनी वाले आहार का सेवन करना चाहिए। डॉ. स्वीटी ने बच्चों को हर रोज दो बार दांतों को ब्रश करने व बच्चों को संतुलित भोजन लेने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि हमें वर्ष में दो बार दांतों की जांच अवश्य करवानी चाहिए। तंबाकू, बीड़ी व सिगरेट आदि के सेवन से बचना चाहिए क्योंकि इनके सेवन से मुंह का कैंसर होता है।



# एलडीएसडी व पीसीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए सत्र के शुभारंभ पर हवन आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 2 अप्रैल :** स्थानीय एलडीएसडी व पीसीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल हांसी में नए सत्र के शुभारंभ पर हवन किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर गुंजन गोयल, पीसीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्या उर्मिला शर्मा व एलडीएसडी पब्लिक स्कूल की मुख्याध्यापिका मंजू रानी उपस्थित रही। हवन में विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु कामना की गई। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव और प्रसिद्ध समाजसेवी ओम कुमार गर्ग ने सबको बधाई दी और उन्नति के पथ पर आगे बढ़ने के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। हवन के बाद प्रसाद वितरित किया गया व विद्यार्थियों को पूरी लग्न और परिश्रम के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।
सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार
विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।




